ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -5, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 356 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

11 जून 2024 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

39 अधिकतम

28 न्यूनतम



Page- 7

### मंत्रियों व मंत्रालय के अफसरों से की लंबी बात, शाम को मैदानी अफसरों की होगी क्लास

# मुख्यमंत्री ने मंत्री-अफसरों से पूछा छह महीने में क्या किया, क्या छूटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लंबी चुनाव व्यस्तताओं के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज सरकारी कामकाज को गति देने का 'अभियान' भी शुरू कर दिया है। करीब तीन महीने बाद कैबिनेट की बैठक में किसानों के हितों में निर्णय की शुरूआत की गई है। सोलर एनर्जी पंप लगाने वाले किसानो को छूट का फैसला किया जा रहा है। गरीबों को आवास की महत्वाकांक्षी योजना का भी रोडमैप बन रहा है। जल्द ही यादव सरकार का पहला बजट भी आने वाला है, इसकी तैयारियां भी तेज हैं। आज कैबिनेट बैठक के बाद सीएम ने सभी मंत्रियों, अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव के साथ बैठक शुरू की, इसमें उन्होंने छह माह के कामकाज का ब्योरा मांगा और इस अवधि की खास उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री ने अफसरों को साफ कर दिया है कि सरकारी कामकाज और राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के बीच सही समन्वय होना चाहिये, हर दिशा निर्देश का पालन तत्परता से करते हुए अंतिम छोर के व्यक्ति तक प्रशासन की पहुंच नजर आना चाहिये। शाम को मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समस्त सांसद, विधायक, संभाग आयुक्त, आईजी, कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर, पुलिस अधीक्षक एवं विभागीय जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक करने वाले हैं।

जानकार सूत्र का कहना है कि मुख्यमंत्री का सबसे अधिक जोर संकल्प पत्र में किए वादों पर है। इसीलिये उन्होंने विधानसभा चुनाव के बाद से लेकर अब तक के कामकाज की बारीकी से जानकारी ली है। हर मंत्री से संकल्प पत्र में उनके विभागों से संबंधित बड़े कामों पर बात की जा रही है। चार जून से 16 जून तक जल संरचनाओं की सफाई के लिए सरकार द्वारा शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर भी उन्होंने जरूरी हिदायतें दी है तथा कहा है कि इस काम में जन प्रतिनिधि सहभागी बनें।



### आज मंत्री संभाल रहे मंत्रालय

**मोदी सरकार में कल शाम विभागों का बंटवारा होने के बाद आज से मंत्रियों ने पदभार संभालना शुरू कर दिया है। आज सुबह शिवराज सिंह चौहान ने अपने मंत्रालय कृषि, अश्विनी वैष्णव ने रेल मंत्रालय, जय जयशंकर ने विदेश और भूपेंद्र यादव ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री का मंत्रालय पहुंचकर पदभार संभाला। ज्योतिरादित्य सिंधिया और जितेंद्र सिंह, चिराग पासवान और जयंत चौधरी भी अपने-अपने ऑफिस पहुंचे।**



### मोदी ने की मनमोहन-प्रतिभा से बात!

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत करते हुई कई बड़े फैसले ले लिए हैं। लेकिन एक बात और सामने आई है कि कल उन्होंने पीएम पद के लिए नया कार्यकाल शुरू करने से पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एवं एचडी देवगौड़ा से फोन पर बात की। बताया जा रहा है कि अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करने से पहले पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल और पूर्व प्रधानमंत्रियों मनमोहन सिंह और एचडी देवगौड़ा से फोन पर बात करके उनका आशीर्वाद मांगा।**

### बिहार को मिला माल, मप्र को 10 हजार करोड़

**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए राज्यों को 1,39,750 करोड़ रुपये का टैक्स डिवोल्यूशन जारी करने को हरी झंडी दिखा दी है। इसमें सबसे बड़ी राशि उप्र क मिलेगी,इसके बाद बिहार को भी बडा अमाउंट मिल रहा है। मप्र के खाते में भी दस हजार करोड़ से ज्यादा आ रहे हैं।



खबरों के मुताबिक, इस आवंटन में योगी आदित्यनाथ सरकार को 25,069.88 करोड़ रुपये दिए हैं। वहीं गठबंधन के मजबूत सहयोगी नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला बिहार दूसरे नंबर पर है। वित्त मंत्रालय ने बिहार को 14,056.12 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए हैं। लिस्ट में सबसे ज्यादा पैसा पाने वाला तीसरा राज्य मध्यप्रदेश है। इसे 10,970.44 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं।

### वायनाड छोड़ेंगे या रायबरेली?

## असमंजस में राहुल, मां सोनिया व बहन संग रायबरेली पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आज अपनी मां सोनिया और बहन प्रियंका के साथ रायबरेली पहुंच रहे हैं। वे भूएमऊ में मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताएंगे। कांग्रेस उत्तर प्रदेश में इस तरह का प्रयोग पहली बार कर रही है। इसके सियासी निहितार्थ हैं। अमेठी और रायबरेली से गांधी परिवार का दशकों से नाता है, लेकिन चुनाव परिणाम जारी होने के सप्ताहभर में आभार कार्यक्रम का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। इसे राहुल गांधी के वायनाड या रायबरेली से से किसी एक क्षेत्र को सांसद बतौर चुनने के पहले का उपक्रम माना जा रहा है हालांकि सियासी गलियारों में ऐसी चर्चा है कि राहुल अपनी इस यात्रा में यह सीट रखने का संकेत दे सकते हैं। चूंकि राहुल रायबरेली के साथ केरल की वायनाड सीट से भी चुनाव जीते हैं इसलिये संकेत हैं कि वे कल या परसों वायनाड भी जाएंगे और लोगों से मिलकर,उनका आभार जताने के बाद अंतिम फैसला करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस बार सोनिया गांधी ने परंपरागत रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ा और राज्यसभा में चली गई हैं। इसके चलते रायबरेली से राहुल ने चुनाव लड़ा था। वे दोनों सीट पर भारी अंतर से चुनाव जीते हैं। अब नियमानुसार उन्हें किसी एक सीट का चुनाव करना है। माना जा रहा है कि वे जो सीट छोड़ेंगे, वहां से प्रियंका गांधी को कांग्रेस चुनाव लडाएगी।



## नैनादेवी मंदिर में रील्स पर बैन, सादे कपड़े पहनने का नियम

**नैनीताल।** अब मंदिर में रील बनाने वालों पर कड़ा एक्शन लेते हुए नैनीताल के विश्व प्रसिद्ध मां नैना देवी मंदिर में इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। नियम का उल्लंघन करने पर मोबाइल जब्त कर लिया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं को मर्यादित कपड़े पहनकर ही मंदिर आने को कहा है। गौरतलब है कि इससे पहले उत्तराखंड सरकार चार धामों में भी रील बनाने पर प्रतिबंध लगा चुकी है। दरअसल मां नैना देवी मंदिर 51 शक्तिपीठों में शामिल है। यहां देशभर से श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं। बीते दिनों एक महिला ने मंदिर परिसर में आपत्तिजनक रील बनाई थी, जो काफी वायरल हुई। मंदिर के संचालक अमर उदय ट्रस्ट प्रबंधन के प्रवक्ता शैलेंद्र मेलकानी अनुसार यह इस रील के चलते लाखों भक्तों की भावनाएं आहत हुईं। प्रतिबंध के बावजूद यदि कोई श्रद्धालु रील बनाते हुए पाया जाता है तो उसका मोबाइल जब्त कर लिया जाएगा और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी होगी।




## सीमा के बच्चों को पाक ने वापस मांगा



**नोएडा, एजेंसी।**

पाकिस्तान से बच्चों के साथ आकर अवैध रूप से भारत में रहने वाली सीमा हैदर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पाकिस्तान चाइल्ड राइट्स बॉडी ने विदेश मंत्रालय को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें सीमा हैदर के बच्चों की सुरक्षित वापसी की अपील की है। पाक मीडिया के अनुसार, सीमा हैदर का पति गुलाम हैदर भी इस समय पाकिस्तान में ही है। बताया जाता है कि कि पाकिस्तान बाल अधिकार आयोग ने सीमा हैदर के चार बच्चों को तत्काल वापस लाने की मांग की है। सीमा अपने बच्चों के साथ अपने प्रेमी सचिन मीणा से शादी करने के लिए नेपाल के रास्ते भारत आई थी। इससे पहले गुलाम हैदर ने भी पीएम मोदी से बच्चों की वापसी की मांग की थी।

## पीथमपुर में भीषण आग से अफरातफरी



**धार।** मप्र के औद्योगिकी पीथमपुर में सेक्टर तीन में पीवीसी फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। आसपास पानी नहीं होने के कारण आग बढ़ती गई। जानकारी के अनुसार ग्राम सुलावड के पास सिग्नेट पीवीसी कंपनी है, जो प्लास्टिक के पाइप व अन्य सामान बनाने का काम करती है। सुबह करीब 5.30 बजे फैक्ट्री में आग लगी। आग बुझाने के लिए फैक्ट्री के आसपास कोई संसाधन नहीं होने से यह बढ़ती चली गई। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर पालिका और दूसरे उद्योगों की फायर ब्रिगेड के वाहन मौके पर पहुंचे।

# खुदरा महंगाई दर उच्चतम स्तर पर पहुंचने की आशंका

### कल जारी होंगे आंकडे



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

देशभर में खाने-पीने की वस्तुओं और खासकर फल-सब्जियों की कीमतों में वृद्धि से खुदरा महंगाई फिर बढ़कर 5.14 फीसदी की दर पर पहुंचने की आशंका है। ऐसा हुआ तो यह दिसंबर, 2023 के बाद इसका पांच महीने का उच्च स्तर होगा। उस समय खुदरा महंगाई 5.69 फीसदी थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक, देश के कई हिस्सों में बढ़ते तापमान ने सब्जियों और फलों की फसल को प्रभावित किया है। इससे खाद्य महंगाई मई में बढ़कर 9.1 फीसदी के स्तर पर पहुंच सकती है, जो अप्रैल में 8.7 फीसदी रही थी। इसका असर कुल महंगाई पर देखने को मिल सकता है।

दरअसल सरकार कल खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी कर सकती है। मुख्य महंगाई (खाद्य औ ऊर्जा को छोड़कर) भी 3.3 फीसदी से बढ़कर मई में 3.5 फीसदी पहुंच सकती है। सीएमआईई के मुताबिक, फलों और सब्जियों की महंगाई दर में करीब दो फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इससे मई में फलों की महंगाई अप्रैल के 3.5 फीसदी से बढ़कर 5.5 फीसदी पहुंच सकती है। क्रमिक रूप से फलों की कीमतें पिछले महीने 2.5 फीसदी बढ़ी हैं। सब्जियों की महंगाई दर भी मई में बढ़कर 30 फीसदी के आसपास पहुंच सकती है, जो अप्रैल में 27.7 फीसदी रही थी। पिछले महीने सब्जियों के दाम मासिक आधार पर 5.2 फीसदी बढ़े हैं। आलू, फूलगोभी और पत्तागोभी की कीमतों में भी मासिक आधार पर भारी वृद्धि देखने को मिली है।

# बस पर गोली बरसाने वाले आतंकी पकड़ से बाहर

**श्रीनगर, एजेंसी।**

जम्मू में श्रध्दालुओं की बस पर आतंकी हमला करने वाले गुनहगार करीब चालीस घंटे के घेराबंदी के बाद भी हाथ न आ सके हैं। सेना और सीआपीएफ की 11 टीमें ऊपरी पहाड़ी इलाके में रविवार शाम से सर्चिंग ऑपरेशन चला रही हैं। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों को खत्म करने के लिए मिशन मोड में कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बताया जाता है कि हमले में तीन पाकिस्तानी आतंकी शामिल हैं। वे हमले के बाद जंगल की तरफ भागे थे। ऐसे में रियासी के जंगल को घेर लिया गया है। वहां कमांडो और ड्रोन भी उतारे गए हैं। ज्ञात हो कि रविवार को जम्मू कश्मीर में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादी हमला हुआ था। इसमें 9 लोगों की मौत हो गई थी। तीर्थयात्रियों की बस शिव खोड़ी मंदिर से माता वैष्णो देवी मंदिर के बेस कैंप कटरा की ओर लौट रही थी। जंगल में छिपे आतंकवादियों ने बस पर घात लगाकर हमला किया। आतंकियों ने पहले बस के ड्राइवर को गोली मारी, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और बस खाई में जा गिरी फिर काफी देर तक फायरिंग की।

### ड्रोन, सेना, सीआरपीएफ की सर्चिंग



**मेट्रो एंकर**

### मध्यप्रदेश में थोड़ी राहत, मगर नजरें महाराष्ट्र पर...

# मानसून के इंतजार में तप रहे कई राज्य

**भोपाल/नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो**

केरल, तेलंगाना व महाराष्ट्र में मानसून की आमद के साथ ही अब मप्र में मानसून का इंतजार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि यह 18 जून के आसपास मप्र के सीमावर्ती क्षेत्रों में दस्तक दे सकता है। इसके बीस जून तक भोपाल पहुंचने के आसार हैं। मानसून के पहले प्री मानसून गतिविधि बढने की वजह से भोपाल समेत अधिकांश जिलों में गर्मी से राहत है लेकिन उमस परेशान कर रही है। दूसरी तरफ छिंदवाडा और बैतूल में जोरदार फुहारों का अनुमान है। उधर जबलपुर से लेकर भोपाल तक करीब 27 जिलों में तेज हवा, आंधी व पानी के आसार हैं। हालांकि मौसम की करवट का सीधी व सिंगरौली समेत बुंदेलखंड के कई जिलों पर अभी असर नहीं है और यहां धूप व तपन बरकरार है। दूसरी तरफ उत्तरभारत के कई राज्यों में आसमान साफ होते ही धूप की तल्खी भी बढ़ी और पारे ने अपनी चाल तेज कर दी है। उप्र के कई हिस्सों में पारा 45 पार हुआ। प्रयागराज में यह 46 को पार कर गया। उप्र के 14 शहर लू की चपेट में हैं। वहीं वाराणसी 45.3 डिग्री, कानपुर 45.2 डिग्री, बुलंदशहर 45 डिग्री पर तपे। जबकि लखनऊ में पारा 44 डिग्री के करीब पहुंच गया। दिल्ली हरियाणा और बिहार में तेज गर्मी का दौर है। यहां अभी राहत के आसार नहीं है।



### मानसून इस बार 106 फीसद

**भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि इस बार जून से सितंबर तक पूरे देश में मानसूनी वर्षा की अवधि लंबी रहने वाली है तथा करीब 106 प्रतिशत बारिश का अनुमान लगाया गया है, जिसमें सिर्फ 5 प्रतिशत बारिश कम या ज्यादा होने की उम्मीद है। इस साल का मानसून सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। 1971 से 2020 तक वर्षा के 50 साल के आंकड़ों के अनुसार, इस साल 87 सेमी बारिश होने की उम्मीद है।**

### इन हिस्सों में हो रही झमाझम बारिश

बढ़ती गर्मी के बीच दक्षिण भारत के कई राज्यों में मानसून आ चुका है। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। इस मानसून का असर कई अन्य राज्यों में भी देखने को मिल रहा है। मंगलवार को गुजरात के गांधीनगर जिले में हल्की बारिश हुई। तेज हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी से शहर का मौसम अचानक से बदल गया। लोगों को गर्मी से राहत मिल गई।

## नीट : सुप्रीम कोर्ट ने मांगा एनटीए से जवाब

**नई दिल्ली।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 के रिजल्ट में धांधली को लेकर नाराजगी के बीच व प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ ने एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पास उम्मीदवारों की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। वहीं परीक्षा रद्द करने से भी मना कर दिया। नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक होने की खबरों के बीच अभ्यर्थियों के एक समूह ने नए सिरे से एनईईटी-यूजी 2024 परीक्षा कराने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया। गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान





भोपाल। हथाईखेड़ा डैम पर झील संरक्षण कार्यक्रम के तहत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के लिए सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया इस अवसर पर महापौर मालती राया, एमआईसी सदस्य रविंद्र यति, जोन अध्यक्ष राजेश, चौकसे, समाज सेवी, निगम अधिकारी गण, एवं नगर निगम कर्मचारी उपस्थित रहें।

## 14 को पेड़ों का पूजन एवं रक्षा सूत्र बांधने जुटान, पेड़ों को बचाने सौंपे ज्ञापन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी भोपाल में विधायक एवं अधिकारी निवास के लिए 29000 पेड़ काटने के प्रस्तावित मामले के खिलाफ लोग जुटने लगे हैं। पेडों को बचाने के लिए आज मानव अधिकार आयोग,राजधानी भोपाल के सभी विधायक,मंत्री , आयुक्त मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल,नगरीय प्रशासन मंत्री को ज्ञापन ज्ञापन सौंप कर 50 से 60 साल पुराने बड़े-बड़े छायादार वृक्षों को ना काटने की अपील की जा रही है। इसमें कहा गया है कि भोपाल जो हरियाली के लिए जाना जाता है, इसे हराभरा व सुंदर उसको बनाए रखने के लिए जनप्रतिनिधि 29000 पेड़ काटने पर रोक लगाकर राजधानी की हरियाली कायम रखते हुए अन्य कहीं आवासों का निर्माण किया जाए।

### एनआई कमीशनिंग के तहत तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के काम के चलते निरस्त

# यात्रीगण ध्यान दें- नर्मदा एक्सप्रेस समेत अप-डाउन 20 ट्रेनें रहेंगी रद्द

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ट्रेनों को निरस्त करने का सिलसिला जारी है। हमेशा की तरह इस बार भी ट्रैक के रख-रखाव का हवाला देकर नर्मदा एक्सप्रेस समेत अप-डाउन की 20 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है तो कुछ के मार्ग बदल दिए हैं। ये ट्रेनें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के के मुदरिया स्टेशन में प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के काम के चलते निरस्त की हैं। इस दौरान कुछ ट्रेनों को बदले हुए मार्ग से चलाया जाएगा।

**ये ट्रेनें रद्द रहेंगी:** 14 से 21 जून तक भोपाल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस, 12 से 19 जून तक 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, 12 से 19 जून तक इंदौर से रवाना होने वाली 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस, 13 से 20 जून तक 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, 16 जून 2024 को 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, 17 जून 2024 को 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।



### भोपाल समेत तीनों रेल मंडल ने दो महीने में कमाए 1400 करोड़

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल, कोटा और जबलपुर रेल मंडल ने मिलकर दो महीने में 1400 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह राशि रेल यात्रा, मालभाड़ा और अन्य मंदों के तहत मिली है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक तीनों मंडलों ने 1414 करोड़ का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। यह कमाई अकेले अप्रैल व मई 2024 की है। यात्री यातायात से रुपये 413 करोड़, माल यातायात से रुपये 930 करोड़, अन्य कोचिंग मद में रुपये 32 करोड़ एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 39 करोड रुपये का राजस्व मिला है। अकेले मई माह में पश्चिम मध्य रेल ने 727 करोड़ रूपये ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया। जिसमें यात्री यातायात से रुपये 217 करोड़, माल यातायात से रुपये 476 करोड़ अन्य कोचिंग मद में रुपये 17 करोड़ एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 17 करोड का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

### मालगाड़ी के 1200 वैगनों का मेंटनेंस किया, चलने की उम्र बढ़ी

**भोपाल।** मालगाड़ियां दिन-रात दौड़ती हैं तब कहीं एक से दूसरे राज्यों में जरुरत का सामान पहुंच पाता है, जो कि रोड ट्रांसपोर्ट की तुलना में सबसे कम खर्च पर पहुंचता है। इसके लिए मालगाड़ी के वैगनों अर्थात डिब्बों का पूरी तरह ठीक होना जरुरी है इसके लिए भोपाल समेत पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा व जबलपुर मंडल के रेल कारखाने लगातार काम कर रहे हैं। इन कारखानों ने अप्रैल व मई माह में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 1200 वैगनों का मेंटेनेंस किया है। ऐसा करने से संबंधित वैगनों के चलने की उम्र में मामूली बढ़ोतरी हुई है।

## सरकारी अस्पताल में रात के समय डॉक्टर गायब, मरीज परेशान

### स्वास्थ्य आयुक्त को जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल जिले के तीन मामलों में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। पहला मामला सरकारी अस्पतालों में रात के समय डॉक्टर गायब होने और मरीजों के परेशान होने का है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने आयुक्त, संचालक स्वास्थ्य सेवायें म.प्र. संचालनालय, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल शहर के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को सही तरह से इलाज मिलने के जगह असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण मरीजों को इलाज मिलना मुश्किल हो रहा है। अस्पतालों में रात के समय डॉक्टर्स उपलब्ध नहीं रहते है। और जो रहते है वो इलाज नहीं कर रहे है।

### 20 साल से जर्जर सड़क, ननि आयुक्त को जांच के निर्देश

हमीदिया रोड़ स्थित इसरानी मार्केट में व्यापारी एवं रहवासियों को पिछले 20 साल से जर्जर सड़क एवं सीवेज लाइन के अभाव के कारण परेशान होने के मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि मार्केट के आसपास के लोगों एवं व्यापारियों का कहना है कि जर्जर रोड़ के कारण आवाजाही करने में और सीवेज लाइन नहीं होने के कारण घरों का दूषित पानी सड़क पर बहने से आये दिन कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता रहता है।

**बिल्डिंग की बाउंड्रीवॉल ढही, खतरे में 24 फ्लैट:** भोपाल जिले के होशंगाबाद रो? पर आशिमा मॉल के पास एक होटल के बेसमेंट के निर्माण के लिये खुदाई करने के दौरान होटल के पास स्थित पासर हर्मिटेज बिल्डिंग की बाउंड्रीवॉल ढहने का मामला सामने आया है। रहवासियों का कहना है कि खुदाई करने के दौरान कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल का करीब 100 फीट लंबा हिस्सा ढह गया। इस कारण बिल्डिंग के रहवासियों को ब?ा हादसा होने का डर बना हुआ है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर जन सुरक्षा के लिये आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में प्रतिवेदन मांगा है।

### संस्कार स्कूल में दो दिन शिक्षक सेमीनार शुरू

## विद्यालय के नए सत्र से पहले टीचर्स की क्लास

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय शिक्षक सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें आज पहले दिन वक्ता के रूप में डॉ आशा पाठक, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ का व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया।

सबसे से पहले संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि जब तक हम समय के साथ नहीं चलेंगे तब तक जीवन में ऊँचाइयां तक नहीं जा सकते और ऊँचाइयों पर टिके रहने के लिए समयानुसार चलना बहुत जरूरी है। आप इस सेमीनार में जो कुछ भी सीखते है उसका लाभ विद्यालय को एवं विद्यालय के विद्यार्थियों को देना।

संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि कई बार हमें ऐसा लगता है कि जो हमें सिखा रहें है वह सब हमें आता है पर शिक्षा के क्षेत्र में कुछ बाते ऐसी होती है जो हमें मालूम नहीं होती है इसलिए हमें सीखने का अवसर कभी नहीं छो?ना चाहिए।

कार्यक्रम वक्ता डॉ आशा पाठक ने कहा कि शिक्षक होना या हो जाना इन दोनों में बहुत



अंतर है, शिक्षक बनना आपका एक लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वास्तव में आपके पास व्यक्तित्व है मुझे बस उसका विकास करना है। उन्होंने कहा कि कक्षा में बच्चें, पेन, नोटबुक, शिक्षक और विद्यार्थी ये एक यूनिट है। जब सारी यूनिट एक साथ कार्य नहीं करती है तो कार्य पूरा नहीं माना जाएगा। अभिभावक निम्नवर्गीय या उच्चवर्गीय सभी बच्चों के लिये आदर्श होते है इसलिए इसलिए सभी से एक जैसा व्यवहार करना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्रचार्या मीनल नरयानी, प्राधानाचार्या मृदुला गौतम, एवं समस्त शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रिया थानवानी ने किया कार्यक्रम के अंत में प्रचार्य आर.के. मिश्रा एवं प्रधानाचार्या मृदुला गौतम ने आई हुई वक्ता का आभार व्यक्त किया।

## गौवंश की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन




**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

गौरक्षा कार्य विभाग ने निराश्रित विचरण करने वाली गौमाताओं, गौवंशों तथा गौशालाओं की समस्याओं के संबंध में मध्यप्रदेश के सभी जिला केंद्रों पर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के नाम भोपाल कलेक्टर को 19 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। भोपाल में जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपने गौ प्रेमी सड़कों पर भी उतरे और रैली की शक्ल में कलेक्टोरेट तक पहुंचे। ज्ञापन सौंपने वालों में सोहन विश्वकर्मा, क्षेत्र गौ रक्षा प्रमुख, मनोज शाही देसी गौ वंश सुरक्षा संवर्धन समिति प्रांत अध्यक्ष, डॉ सुरेंद्र सिंह जी क्षेत्र टोली सदस्य , यतेंद सिंह जादौन विभाग सह मंत्री दिनेश यादव विभाग संयोजक रामबाबू मिलोटिया विभाग सह गौ रक्षा प्रमुख,विभाग धर्म प्रसार जीतू कटारिया, प्रवीण पाराशर सहित महंत अनिलानंद, महंत लक्ष्मीदास महाराज,महंत तुलसीदास व अनेक साधु संत गौशाला संचालक, मातृशक्ति दुर्गावाहिनी विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल थे।

**मेट्रो एंकर**

### - 11 पौधे रोपे गए, 700 महिलाओं को साड़ि़या भेंट की गईं

## साधना सिंह का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

किरार समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा जिला उपाध्याय राम बंसल के नेतृत्व में दीनदयाल उपवन बोरवन पार्क में वृक्षारोपण किया गया। सेवा दिवस के रूप में जन्म दिन को मनाते हुए 700 महिलाओं को साड़ी भेंट की गई।

बसंल ने कहा कि शिवराज सिंह पर्यावरण के संतुलन के लिए एक पेड़ रोज लगाते हैं यह उनका संकल्प है एवं सभी से अपील करते हैं कि जीवन का कोई भी उत्सव हो एक पेड़ लगाकर लगाएं। उनकी अपील पर भाभीजी के जन्मदिवस पर 11 पेड़ लगाए, नर सेवा ही नारायण सेवा है इस मूल



मंत्र को धारण कर समाज की सेवा बस्ती की माताओं एवं बहनों को साड़ी का उपहार जन्मदिवस पर प्रदान किया। सभी बहनों ने ताली बजाकर साधना सिंह को जन्म दिन की बधाई दी।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी आश्रम की प्रीति दीदी एवं विभिन्न क्षेत्रों में काम करने प्रमुख महिलाएं मौजूद थीं, जिनमें सिंधी पंचायत अध्यक्ष किरण वाधवानी, डॉ पूनम खेमचंदानी डॉ मानसी किशनानी डॉक्टर सरिता देवनानी, नवयुवक सभा की प्रिंसिपल ज्योति चौहान संस्कार विद्यालय की प्रिंसिपल मृदुला गौतम पायल हिमथानी, नवनिधि स्कूल की प्रिंसिपल अमृता मोटवानी, साधु वासवानी विद्यालय की दीपा आहूजा, संस्कार सुधा फाउंडेशन की अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, सिंधी फिल्मों की कलाकार कुमारी डिम्पल नवानी, कराटे चैंपियन कुमारी मधु गुर्जर ,महिला मोर्चा की अध्यक्ष पूनम यादव, भारती मूलचंदानी जी सहित महिला कार्यकर्ता एवं साथी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## संतनगर जोन की समस्याएं रखीं कमिश्नर के सामने


**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस पार्षद अशोक मारण ने बारिश से पहले अपनी चिंता नगर निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायण के सामने रख दी है। एक ज्ञापन सौंपकर बारिश से पहले संतनगर जोन की स?कों की मरम्मत, सीवेज चैंबर के ढक्कन ठीक करने, बदले जाने की मांग रखीं।

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जैकी के नेतृत्व में मारण ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस पार्षद भी मौजूद थे। मारण ने कहा मॉनसून मुहाने पर खड़ा है, लेकिन जोन की सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। ज्यादातर सीवेज चैंबर के ढक्कन टूटे हुए हैं। बारिश से पहले नहीं बदला गया तो गंदा पानी चैंबर से बाहर सड़कों पर आएगा। और हादसे का भी आशंका रखेगी। मारण ने बताया कि इन मांगों को लेकर जोनल अधिकारी, पीएई अधिकारी को अलग-अलग पत्र सौंपा है। मारन ने



बताया कि कमिश्नर से चुनाव के कारण रूके हुए कामों को तत्काल करने की मांग की गई। कमिश्नर ने मांगों पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। उम्मीद है मांगों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी, जिससे बारिश में इन समस्याओं से लोगों को दो चार न होना पड़े।


संरक्षित जल
सुरक्षित कल
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए
मध्यप्रदेश सरकार की पहल
जल गंगा संवर्धन अभियान
5 जून - विश्व पर्यावरण दिवस से
16 जून - गंगा दशहरा तक
मां नर्मदा और क्षिप्रा सहित विभिन्न पूजित नदियों और जल स्रोतों से संपन्न हमारा मध्यप्रदेश जल संरक्षण और इसके बेहतर प्रबंधन में सदैव श्रेष्ठ बने, यही हमारा प्रयास होगा।
-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
• प्रदेश के हर शहर, हर गाँव में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल सम्मेलन का आयोजन
• जनसहभागिता से कुंए/बावड़ी/नदी/घाटों/मंदिरों की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार
• सर्वोच्च प्राथमिकता से हो रहे हैं केंद्र / राज्य की जल संरचना उन्नयन के कार्य
• नालों के पानी के जल संरचनाओं में मिलने से पहले शोधन की व्यवस्था
• सामाजिक/धार्मिक महत्व की जल संरचनाओं के समीप कलश यात्राएं एवं निबंध/चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन
नागरिक ऐसे करें भागीदारी
• जल संग्रहण और संरचना के कैचमेंट में आने वाले अतिक्रमण या गतिरोधों को दूर करने में सहयोग
• अनुभव के आधार पर उपयुक्त जल स्रोत के चयन के लिए अपने नगरीय निकाय को दें आवश्यक सलाह
• अभियान में श्रम, सामग्री, मशीनरी या धन राशि के रूप में यथासंभव योगदान करें
• जल स्रोतों की गुणवत्ता जांच एवं बंद पड़े रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टमों को बनाएंगे पुनः उपयोग लायक
• कैचमेंट क्षेत्रों की सफाई, डिसिल्टिंग, पौधारोपण, ड्रेनेज मैनेजमेंट, डिवीडिंग आदि कार्य
• जल संग्रहण संरचनाओं से निकाली गई मिट्टी व गाद का उपयोग कर सकेंगे स्थानीय किसान
• 16 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर जल स्रोतों के समीप सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं धार्मिक स्थलों पर साज-सज्जा के साथ अभियान का समापन
• प्रत्येक वर्ष होगा इस अभियान का आयोजन
आइये, सब मिलकर जल स्रोतों को बचायें
D-11008/24
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

संपादकीय

# आंकड़ों के पार देखे सरकार

हाल में भारतीय रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक हुई और उसने फिर बैंक दरों के साथ कोई छेड़छाड़ करना उचित नहीं समझा। यानि रेपो रेट पहले की ही तरह यथावत साढ़े छह फीसद पर बनी रहेगी। आरबीआइ गवर्नर का कहना है कि उनकी प्राथमिकता खाद्य मुद्रास्फीति को संतुलित करना और चार फीसद तक लाना है। अभी खाद्य मुद्रास्फीति पांच फीसद के आसपास बनी हुई है। इसमें कभी अचानक वृद्धि देखी जाती है। हर समय इसके रुख में अनिश्चितता बनी हुई है। महंगाई पर काबू न पाए जा सकने की वजह से सामान्य लोगों के जीवन पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि कुछ औद्योगिक समूहों ने मांग उठानी शुरू कर दी है कि रेपो दरों में कम से कम पच्चीस आधार अंक की कटौती करने का समय आ गया है। मगर आरबीआइ इस दिशा में कोई जोखिम मोल नहीं लेना चाहता। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ऊंची रेपो दर की वजह से कुछ हद तक महंगाई पर लगाम लगी है, मगर यह कब तक टिकाऊ उपाय साबित होगा, कहना मुश्किल है। दरअसल, रेपो दर में बड़ोतरी का असर बैंकों से लिए गए कर्ज की किश्तों पर पड़ता है। बहुत सारे लोगों को इसकी वजह से अपने घर, वाहन, कारोबार आदि के मद में लिए गए कर्ज की ऊंची किश्तें चुकानी पड़ रही हैं, जबकि कोरोनाकाल के बाद से बहुत सारे लोगों की आमदनी घट गई है या रोजगार हाथ से चले गये हैं। औद्योगिक समूहों को कर्ज पर ब्याज अधिक चुकाने के चलते अपने उत्पाद की कीमतें ऊंची रखनी पड़ती हैं, जिससे अंततः उपभोक्ता पर बोझ बड़ता है। इसलिए एक तरफ जहां महंगाई को संतुलित करने में कुछ हद तक मदद मिल रही है, वहीं दूसरी तरफ महंगाई बढ़ भी जाती है। रिजर्व बैंक ने इस वित्तवर्ष में विकास दर सात फीसद से ऊपर रहने की संभावना जताई है। मगर विकास दर और महंगाई के बीच कोई सीधा संबंध नजर नहीं आ पा रहा। विकास दर ऊंची रहने के बावजूद सामान्य लोगों के जीवन में बेहतरी के संकेत नहीं दिखाई दे रहे। सबसे हैरानी और परेशानी की बात तो यह है कि जनजीवन में रोजमर्रा की जरूरत की जिन खाद्य वस्तुओं का उत्पादन भरपूर होता है, उनकी खुदरा कीमतें भी बाजार में जबर्दस्त ऊंचाई पर हैं,मसलन सब्जी,दूध,फल,अंडे और अनाज की कीमतें आसमान पर हैं। दालों व शकर के भाव सुनकर ही अचंभा होता है। इस आलम में रिजर्व बैंक की भूमिका काफी बडी हो जाती है, अर्थशास्त्रितयों को सरकार के समक्ष एक ठोस प्लान रखने और इस पर अमल की जरूरत है। यदि हाल के लोकसभा चुनाव से हालातों को जोडा जाए तो इसके नतीजे एक किस्म की आवाज हैं,जो महंगाई,बेरोजगारी,समान अवसर की मांग कर रही है। बीते चार साल में देश ने आर्थिक मोर्चे पर चाहे जैसी छलांगें भरी हैं और शेयर बाजार के सूचकांक सफलता की जो भी कहानी कह रहे हों, लेकिन हकीकत रही है कि आम आदमी को यानि गरीब, मध्यम वर्ग को इन सारी उपलब्धियों से आराम नहीं मिला है, बल्कि उसकी गुजर कठिन ही होती गई है। आम आदमी की बचत तो दूर बल्कि बचत की पूंजी भी लगातार निकल रही है, कई आंकडे यह बात लगातार कह रहे हैं। ऐसे में अर्थव्यवस्था के चमकीले दावे और भीतरी हालत के बीच संतुलन होना चाहिये। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह महंगाई पर बात करे, उसके समाधानों के लिए समाज के सभी वर्गों को टटोलकर उनकी कठिनाइयों को हल करने की पहल करे।

वक्त हमेशा कुछ देता है
अच्छा वक्त आनंद और
बुरा वक्त सबक

## आज का इतिहास

- 1971 लंबी खान की लड़ाई की लड़ाई शुरू हुई। लड़ाई ऑस्ट्रेलियाई और वियतनामी कम्युनिस्ट ताकतों के बीच लड़ी गई थी। यह युद्ध वियतनामी युद्ध के दौरान हुआ था।
- 1971 सोयूज 11 को सोयुज कार्यक्रम के दौरान लॉन्च किया गया था। यह एक मानवयुक्त मिशन था जो क्रू टी स्पेस स्टेशन पर सवार था। मिशन समस्याओं के कारण विफल हो गया और सभी 3 क्रू सदस्यों की मृत्यु हो गई।
- 1971 वियतनाम वॉर-द ऑस्ट्रेलियन आर्मी ने लोंग खान की लड़ाई में किलेबंद कम्युनिस्ट फोर्स बेस बेस कैंप पर हमला किया
- 1971 ह्यूजेस एयरवेस्ट फ्लाइट 706 कैलिफोर्निया के डुआर्टे के पास एक अमेरिकी मरीन कॉर्पसएफ - 4 बी फैंटम द्वद्व से टकरा गई, जिससे सभी लोगों की मौत हो गई।
- 1975 दक्षिणी वियतनाम में अस्थाई क्रांतिकारी सरकार का गठन।
- 1982 लेबनान में एक युद्ध शुरू हुआ जब इजरायली बलों ने फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन के सदस्यों को जड़ से खत्म करने के लिए दक्षिणी लेनबॉन पर हमला किया।
- 1984 यूएसएसआर में टेट्रिस जारी किया गया था। यह सभी समय के सर्वश्रेष्ठ वीडियो गेम में से एक था। इसने दुनिया भर में ख्याति प्राप्त की।
- 1985 जोसेफ मेंजेल के अवशेष, एक नाजी चिकित्सक कुख्यात अमानवीय प्रयोग जो कि ऑस्चविट्ज़ कैदियों पर किए गए थे।

## निशाना

### टर्म है जो तीसरा !



- कृष्णेन्द्र राय

स्थिति अब साफ़ हुई ।
है कैसी सरकार ।।
हैं सारे अब सामने ।
ना कोई तकरार ।।
शांतचित्त हैं सूत्र ।
आई अलग कहानी ।।
देखते हैं कौन कहां ।
है करता मनमानी ।।
टर्म है जो तीसरा ।
कितना असरदार ?
भूल कर मतभेद ।
रहता कब तक प्यार ।।
अपने अपने काम में ।
हुए सारे व्यस्त ।।
ना करेंगे ग़लती ।
कर चुके आश्वस्त ।।

# विकसित भारत के लिए जरूरी राजग के हर दल में प्रतिबद्धता, भाजपा की चुनौती

■ बद्री नारायण

भारत के संसदीय चुनाव-2024 का परिणाम आ चुका है। एक बार फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, जिसे सामान्यतः राजग कहा जाता है, ने बहुमत प्राप्त कर सरकार बना ली है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। भारतीय जनतांत्रिक इतिहास में यह दूसरी घटना है। इसके पूर्व भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला था।चुनाव परिणामों पर काफी समीक्षा हो चुकी है। अब तक शायद ही किसी के पास कुछ नया कहने के लिए बचा हो। लेकिन इतना तो तय है कि यह चुनाव अनेक आश्चर्यों का चुनाव रहा। पहला आश्चर्य तो यह कि जिन दक्षिण भारतीय राज्यों का दरवाजा भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक सफलता के लिए बंद था, या यों कहें कि जहां की जमीन भारतीय जनता पार्टी की राजनीति के लिए माकूल नहीं मानी जाती थी, इस चुनाव परिणाम ने उन राज्यों, यथा केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना को भाजपा के लिए नई संभावनाओं का प्रदेश बना दिया है।

दूसरा आश्चर्य यह देखने में आया कि ओडिशा, जहां राजनीतिक विचारक बीजू जनता दल (बीजद) के नेता नवीन पटनायक के जादू को उनके जीवित रहने तक समाप्त होता नहीं देख रहे थे, वहां भाजपा ने अपनी महान सफलता दर्ज की। इसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति ओडिशा की जनता में बढ़ता आकर्षण ही है। प्रधानमंत्री मोदी और ओडिशा के प्रभावी नेता धर्मेंद्र प्रधान ने पूरे चुनाव अभियान में 'उड़िया अस्मिता' के प्रश्न को एक 'लोकप्रिय जन प्रश्न' में बदल दिया। इस लोकप्रिय अभियान ने ओडिशा की राजनीति के पूरे परिदृश्य को ही बदल कर रख दिया। इस चुनाव परिणाम ने यह भी बताया कि विकास का मोदी मॉडल, नवीन मॉडल पर प्रभावी रहा। ओडिशा के युवाओं में नए डिजिटल भारत के प्रति आकर्षण बड़ा है। तीसरा आश्चर्य यह रहा कि जहां उत्तर प्रदेश के आस-पास के हिंदी प्रदेशों, यथा मध्य प्रदेश, बिहार में भाजपा और राजग ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, वहीं उत्तर प्रदेश में इसका प्रदर्शन प्रभावी नहीं रहा।

'इंडिया' गठबंधन ने आरक्षण, संविधान इत्यादि के खतरे पर आधारित जो वृत्तांत तैयार किया, उसने उत्तर प्रदेश में जातीय गोलबंदी की जमीन तैयार की। कई राजनीतिक विश्लेषक यह मानते हैं कि यह ऐसी जातीय गोलबंदी की राजनीति थी, जिसने पिछड़े-अति पिछड़े एवं दलितों के एक हिस्से को समाजवादी पार्टी या 'इंडिया' गठबंधन की तरह गोलबंद होने का आधार तैयार किया। ऐसे विश्लेषकों का मानना है कि इस प्रकार की



जातीय गोलबंदी ने ही उत्तर प्रदेश में हिंदुत्व के वृहत वृत्तांत को तोड़कर जातियों के अस्मितापरक वृत्तांत को शक्तिवान बनाया।

अब प्रश्न यह उठता है कि अगर ऐसा है, तो यह पैटर्न मंडल राजनीति से गहरे रूप से प्रभावित बिहार या उत्तर प्रदेश से सटे मध्य प्रदेश में क्यों सफल होता नहीं दिखाई प?ा इस प्रश्न के उत्तर में यह कहा जा सकता है कि बिहार में भाजपा और राजग गठबंधन के पास अनेक पिछड़े एवं दलित प्रभावी चेहरों का एक कोलाज मौजूद था, जिसमें नीतीश कुमार, सम्राट चौधरी, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान जैसे नेता शामिल हैं। नीतीश कुमार का गैर-यादव, पिछड़े समूहों, महादलित सामाजिक समूहों में अपना प्रभाव तो है ही, अगड़े वोटों के एक हिस्से पर भी उनका अच्छा असर है। वहीं जीतन राम मांझी के कारण मुसहर, जो बिहार में एक बड़ी 'महादलित जातीय समूह' है, राजग की तरफ बड़े पैमाने पर झुकी। चिराग पासवान के कारण संख्या बल में बिहार की सबसे बड़ी दलित जाति दुसाध या पासवान की गोलबंदी राजग के पक्ष में हुई। इसलिए बिहार में 'इंडिया' गठबंधन के भयदोहन पर आधारित गोलबंदी के वृत्तांत पिछड़ों एवं दलितों में प्रभावी नहीं हो सके। मध्य प्रदेश में कांग्रेस संगठन की कमजोरी, उसमें प्रभावी नेताओं का अभाव इत्यादि के कारण 'इंडिया' गठबंधन की जातीय अस्मिता आधारित गोलबंदी की राजनीति सफल नहीं हो सकी। वहीं दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश में भाजपा के पास पिछड़े एवं अति पिछड़े समूहों से जुड़े अनेक नेता मौजूद हैं। शिवराज सिंह चौहान, मोहन यादव, प्रह्लाद सिंह पटेल आदि अनेक पिछड़े, अति पिछड़े चेहरों ने वहां कांग्रेस एवं 'इंडिया' गठबंधन के पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) की राजनीति को इस चुनाव में कमजोर बना दिया।

यह ठीक है कि आगे आने वाले समय में हिंदी पट्टी की राजनीति भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण तो होगी ही, 'इंडिया'गठबंधन के लिए भी चुनौतियां कम नहीं होंगी। एक तरफ भाजपा को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा इत्यादि राज्यों में अपनी सांगठनिक एवं चुनावी रणनीति पर विचार कर उसे पुनर्नवा करना होगा। वहीं दूसरी तरफ 'इंडिया' गठबंधन से जुड़े राजनीतिक दलों के लिए भी उत्तर प्रदेश में अपने अर्जित प्रभाव को बचाए रखना भी एक बड़ी चुनौती होगी। गैर-यादव पिछड़े, अति पिछड़े एवं दलितों का जो हिस्सा उनकी तरफ झुका है, उन्हें अपने साथ जोड़े रखना उनके लिए एक बड़ी चुनौती होगी। राजग गठबंधन को उत्तर प्रदेश जैसे हिंदी पट्टी के प्रदेशों में पिछड़े, अति पिछड़े एवं दलित समूहों में जमीन से जुड़े नेता एवं कार्यकर्ताओं की एक फौज तैयार करनी होगी, जो इन समूहों को पुनः अपनी तरफ ला सके। हिंदुत्व एवं विकास की राजनीति के साथ उसे अपने पक्ष में सामाजिक समूहों के गठबंधन को पुनर्गठित करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'विकसित भारत' के जिस लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्ध हैं, उसे प्राप्त करने के लिए राजग गठबंधन के सभी दलों में एक प्रतिबद्ध भाव जगाना भी भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी। प्रधानमंत्री मोदी अपने चिर-परिचित संवाद शैली में राजग गठबंधन की सरकार को अपनी लक्ष्यों की प्राप्ति के दिशा में चला पाएंगे, ऐसा हम सबको विश्वास है देखना यह है कि एक राष्ट्र के रूप में भारत एवं उसकी राजनीति आने वाले दिनों में किस दिशा में आगे बढ़ती है।

– साभार

## जनादेश 2024 यानि हंग पार्लियामेंट

# अब आएगा संतुलित निर्णयों का समय

■ सरमन नगेले



आखिर भारत को एक गठबंधन की सरकार मिल गई। क्या अब भारत एक संतुलित निर्णयों की श्रृंखला देख पाएगा? यह एक अनूठा समय होगा। एक तरफ 5 जून को इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस -इंडिया गठबंधन की बैठक हुई तो 7 जून को एनडीए - नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस की मीटिंग हुई। लेकिन ऊहापोह की स्थिति इसलिए बनी रही की कौन गठबंधन सरकार बनाने का दावा पेश कर रहा है किसी ने जल्द बाजी नहीं दिखाई बहुत सावधानी बरती । आश्चर्य इस बात का है कि पूरा मीडिया बचता रहा यह स्वीकार करने में कि यह हंग पार्लियामेंट है , खंडित, त्रिशंकु जनादेश है। किसी एक दल को बहुमत नहीं मिला। लिहाजा यह जानना नवोदित पत्रकारों, नागरिकों और राजनीति में रुचि रखने वालों के लिए बेहद जरूरी हो जाता है की चुनाव परिणाम के सही मायने क्या हैं। आखिर लगभग संपूर्ण मीडिया से इस तथ्य की अनदेखी कैसे हो गई । जबकि लोकसभा चुनाव में भारत के मतदाता ने खंडित जनादेश दिया। किसी भी एक राजनैतिक दल को बहुमत प्राप्त नहीं हुआ।

चूँकि इस लेख के लेखक ने 4 जून को सुबह 8 से 9 के बीच एक नेशनल और उसी के रीजनल चैनल पर यह विचार प्रकट कर दिया गया था की इस बार हंग पार्लियामेंट बनने जा रही है। इसी परिपेक्ष्य में विस्तार से विमर्श करने और लिखने पर विवश होना पड़ा।

जैसे ही 6 जून को भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने दोनों निर्वाचन आयुक्तों के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 की शर्तों के अनुरूप, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई अधिसूचना की एक प्रति उन्होंने राष्ट्रपति को सौंपी, जिसमें 18वीं लोकसभा के लिए हुए आम चुनाव के परिणामस्वरूप लोकसभा हेतु चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जून को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने अपना और केन्द्रीय मंत्रिपरिषद का त्यागपत्र सौंपा। राष्ट्रपति ने त्यागपत्र स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री तथा उनके सहयोगियों से नई सरकार के गठन तक अपने पद पर बने रहने का अनुरोध किया। 7 जून को एनडीए के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 75 (1) के तहत नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री 7 जून को ही नियुक्त कर दिया।

**चर्चा में क्यों**- 1962 के बाद पहली बार 2024 के नतीजों के बाद कोई सरकार एक दशक तक लगातार दो कार्यकाल पूरा करने के बाद तीसरी बार सरकार में वापस आई है। अलबत्ता, यह परिणाम एक पार्टी के प्रभुत्व को कम करने की न केवल तसदीक करता है वरन केंद्र में एक गठबंधन सरकार की वापसी का जनादेश भी देता है। जब लोकसभा य विधानसभा चुनाव में किसी एक राजनीतिक पार्टी को बहुमत नहीं मिलता तब कई राजनीतिक दल मिलकर सरकार बनाते हैं। इसे गठबंधन की सरकार वैधानिक रूप से कहा जाता है। गठबंधन की सरकार एक साझा कार्यक्रम के आधार पर राजनीतिक सत्ता और सरकार का संचालन करते हैं। आधुनिक संसदों में गठबंधन आमतौर पर तब होता है जब किसी एक राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता। यदि निर्वाचित सदस्यों के बहुमत वाली कई पार्टियाँ अपनी नीतियों से बहुत अधिक समझौता किये बिना एक साझा योजना पर सहमत हों, तो वे सरकार बना सकती हैं। गठबंधन का तात्पर्य सरकार बनाने के लिये कम-से-कम दो पार्टियों के एक साथ आकर बहुमत के नंबर बताकर सरकार बनाने की पहल करना है । गठबंधन राजनीति की पहचान विचारधारा नहीं बल्कि व्यावहारिकता पर निर्भर रहती है। गठबंधन की राजनीति स्थिर नहीं बल्कि गतिशील विषय है। गठबंधन के घटक और समूह अपने दल के हितों को देखते हुए कभी भी विघटित हो जाते हैं एवं नए समूह बनाकर नई सरकार बनाने की कोशिश करते हैं। गठबंधन सरकार न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर कार्य करती है, जो गठबंधन के सभी सदस्यों की आकांक्षाओं को संतुष्ट करने भी सफल भी होती है



और असफल भी ।

**चुनाव पूर्व और चुनाव पश्चात् गठबंधन**- देखने में आता है की चुनाव पूर्व गठबंधन काफी लाभदायक होते हैं क्योंकि यह पार्टियों को संयुक्त घोषणापत्र के आधार पर मतदाताओं को लुभाने के लिये एक साझा मंच प्रदान करता है। जबकि आम लोकसभा चुनाव 2024 में सभी दलों ने अपने - अपने घोषणा पत्र जनता के समक्ष पेश किये। चुनाव-पश्चात संघ का उद्देश्य मतदाताओं को राजनीतिक सत्ता साझा करने तथा सरकार चलाने में सक्षम बनाना है। भारत सरकार ने केन्द्र-राज्य संबंधों से संबंधित मुद्दे पर विचार के बाद भारत की राजनीति और अर्थव्यवस्था में आए परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए केन्द्र-राज्य संबंधों से संबंधित नए मुद्दों पर विचार करने के लिए 27 अप्रैल, 2007 को भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मदन मोहन पुंछी की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया था।

**गठबंधन पर पुंछी आयोग की सिफारिशें**- पुंछी आयोग ने स्पष्ट नियम स्थापित किये कि राष्ट्रपति को लोकसभा में प्रधानमंत्री और राज्यपालों को त्रिशंकु विधानसभाओं में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति कैसे करनी चाहिये।

**ये दिशा-निर्देश राष्ट्रपति के लिये भी लागू हैं**- जिस पार्टी या पार्टियों के गठबंधन को लोकसभा,विधानसभा में व्यापक समर्थन प्राप्त हो, उसे सरकार बनाने के लिये आमंत्रित किया जाना चाहिये। यदि कोई चुनाव पूर्व समझौता या गठबंधन पर आधारित है, तो उसे एक राजनीतिक दल माना जाना चाहिए और यदि ऐसे गठबंधन को बहुमत प्राप्त होता है, तो ऐसे गठबंधन के नेता को राष्ट्रपति द्वारा यूनियन सरकार के लिए एवं राज्यों के लिए राज्यपाल द्वारा सरकार बनाने के लिये बुलाया जाएगा। यदि किसी भी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता है, तो राष्ट्रपति,राज्यपाल को यहाँ दर्शाए गए वरीयता क्रम के आधार पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री का चयन करना चाहिये। चुनाव पूर्व गठबंधन करने वाले दलों का समूह सबसे अधिक सीटें जीतता है। सबसे बड़ी पार्टी द्वारा अन्य दलों के समर्थन से सरकार बनाने का दावा।चुनाव के बाद का गठबंधन जिसमें सभी सहयोगी सरकार में शामिल होंगे। चुनाव-पश्चात् गठबंधन जिसमें कुछ दल सरकार में शामिल होंगे तथा शेष दल निर्दलीय होंगे, जो सरकार को बाह्य समर्थन प्रदान करेंगे। सरकारिया आयोग ने पाया था कि भारतीय संघवाद में समस्याएँ केंद्र और राज्यों के बीच परामर्श तथा संवाद की कमी के कारण उत्पन्न होती हैं। यह पाया गया कि अंतर-राज्यीय परिषद ने तब कार्य किया जब राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की प्रमुख भूमिका थी। यह गठबंधन सरकार की भूमिका को दर्शाता है जिसमें क्षेत्रीय दलों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।

**गठबंधन सरकार के गुण और दोष** – गठबंधन सरकार विभिन्न दलों को एक साथ लाकर संतुलित निर्णय लेती है तथा विभिन्न हित धारकों के हितों को संतुष्ट करती है।भारत की विविध संस्कृतियाँ, भाषाएँ और समूह, गठबंधन सरकारों को एकदलीय सरकारों की तुलना में अधिक प्रतिनिधि एवं लोकप्रिय जनमत को प्रतिबिंबित करते हैं। गठबंधन की राजनीति, एकदलीय सरकार की तुलना में क्षेत्रीय जरूरतों के प्रति अधिक सजग रहकर भारत की संघीय प्रणाली को मजबूत बनाती है। जबकि दोष यह है कि येअस्थिर हैं क्योंकि गठबंधन सहयोगियों के बीच नीतिगत मुद्दों पर असहमति होने के कारण सरकार गिर सकती है। गठबंधन सरकार में प्रधानमंत्री का अधिकार सीमित होता है क्योंकि महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले उन्हें गठबंधन सहयोगियों से परामर्श करना आवश्यक होता है। गठबंधन सहयोगियों के लिये 'सुपर-कैबिनेट' की तरह संचालन समिति, शासन में कैबिनेट के अधिकार को सीमित करती है। गठबंधन सरकार में छोटी पार्टियाँ संसद में अपने पात्रता से अधिक की मांग करके महत्त्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती हैं। क्षेत्रीय दलों के नेता अपने क्षेत्र के विशिष्ट मुद्दों की वकालत करके राष्ट्रीय निर्णयों को प्रभावित करते हैं तथा गठबंधन वापसी के खतरे के तहत अपने हितों के अनुरूप कार्य करने के लिये केंद्र सरकार पर दबाव डालते हैं। गठबंधन सरकार में, गठबंधन में शामिल सभी प्रमुख दलों के हितों के कारण मंत्रिपरिषद का विस्तार होता है। गठबंधन सरकारों में, सदस्य अक्सर एक-दूसरे पर दोषारोपण करके गलतियों की ?िम्मेदारी लेने से बचते हैं, इस प्रकार सामूहिक और व्यक्तिगत जवाबदेही दोनों से बचते हैं। गठबंधन सरकारों के ऐतिहासिक संदर्भः भारत में गठबंधन की राजनीति का इतिहास लगभग 70 साल पुराना है।लेकिन यहाँ पिछले तीन दशक पर प्रकाश डालने का प्रयास किया है। वर्ष 1991 के बाद से भारत में गठबंधन सरकारें देखने को मिली हैं, जहाँ अग्रणी पार्टियाँ बहुमत के आँकड़े यानि 272 सीटें प्राप्त करने से काफी दूर रही हैं। गठबंधन सरकारों ने भारत के इतिहास में नया अध्याय लिखा है। इनमें नरसिम्हा राव सरकार (1991-1996), देवेगौड़ा सरकार (जून 1996 -अप्रैल 1997), अटल बिहारी वाजपेयी सरकार (मार्च 1998-मई 2004),मनमोहन सिंह सरकार (2004-2014), नरेंद्र मोदी सरकार ( 2014 - 2024 तक 2024 में पुनः एनडीए की सरकार के रूप में में निरंतर। आम लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी को 240 सीटें मिली जो बहुमत से 32 दूर रहा। लेकिन नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस यानि एनडीए की सरकार बन गई है। अंतर्निहित चुनौतियों के बावजूद, गठबंधन सरकारें विविध मतों के लिये एक मंच प्रदान करती हैं और सर्वसम्मति से संचालित नीतियों को बढ़ावा दे सकती हैं। पारस्परिक सम्मान, म?बूत नेतृत्व और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने की नींव पर निर्मित एक सुचारू रूप से कार्य करने वाला गठबंधन, एक जीवंत लोकतंत्र की जटिलताओं से निपट सकता है।

**(लेखक-पत्रकार हैं, यह उनके विचार हैं।)**

नपा अध्यक्ष ने पुरानी इटारसी के दो क्षेत्रों में बरसात में आने वाली समस्या को देखते हुए किया निरीक्षण

# बरसात के पहले सनखेड़ा नाके पर कच्चा नाला खुदेगा, गोकुलधाम में पुलिया बनेगी



- नगरपालिका अध्यक्ष ने सुबह किया स्वच्छता विभाग का निरीक्षण।
- ड्यूटी से गायब रहने पर फायर ब्रिगेड के सहायक को नोटिस जारी।

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

भारी बरसात में भी इटारसी में जलभराव न हो इसके लिए नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने इस वर्ष प्रो एक्टिव वर्क कर रहे हैं। बडे नालों की सफाई के साथ ही उन क्षेत्रों में भी देखा जा रहा है कि जहां जलजमाव होता है। जल जमाव वाले क्षेत्र में सनखेडा नाका एरिया प्रमुख है। बेतरतीब तरीके से कटी कालोनियों के कारण बरसाती पानी का प्राकृतिक बहाव बंद हो गया है, जिससे यहां पानी जमा हो जाता है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां स्थानीय पार्षद और नगरपालिका की इंजीनियरिंग टीम के साथ निरीक्षण किया और पानी निकासी का विकल्प तलाशा। तय हुआ है कि मरोडा रोड किनारे से पिंक सिटी और श्री राम कॉलोनी तक कच्चा नाला खोदा जाएगा, जिससे बीएसएनएल कॉलोनी, ईशान टाउन कॉलोनी और आसपास के मैदानों का बरसाती पानी इन नालों के जरिए बडे नाले में जाएगा। नाला खोदने के निर्देश नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने दे दिए हैं। बरसात के पूर्व यह नाला खुद जाएगा। निरीक्षण के दौरान पार्षद जिमी कैथवास, पार्षद प्रतिनिधि मनीष चौधरी, उपयंत्री मयंक अरोरा, आदित्य पांडे, कमलकांत बढगोती सहित अन्य मौजूद थे।

## गोकुलधाम जाने बनेगी पुलिया

पुरानी इटारसी में सिंचाई विभाग की जमीन पर सीएम राइज स्कूल बन रहा है, इसके पीछे की ओर बहुत से मकान हैं। स्कूल की बाउंड्री बनने से इनका शार्टकट रास्ता बंद हो गया है। दूसरी तरफ से भी आने जाने का रास्ता नहीं होने से पब्लिक ने नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे को समस्या बताई थी। इस पर नपाध्यक्ष ने मौके पर निरीक्षण करते हुए वहां गोकुलधाम कॉलोनी में पुलिया निर्माण की बात कही। यह भी जल्दी ही बन जाएगी। निरीक्षण के दौरान यहां नगरपालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत व अन्य मौजूद थे।

## औचक निरीक्षण में गायब मिला दमकल सहायक, नोटिस जारी

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने सुबह 7 बजे ओवर ब्रिज के नीचे बने स्वच्छता विभाग के स्टोर और फायर विभाग का निरीक्षण किया। यहां पर जानकारी मिली कि यहां दमकल सहायक मधु ढोके लगातार बिना सूचना दिए ड्यूटी से गायब रहते हैं, आज भी ड्यूटी पर नहीं थे। जिस पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर सेवा समाप्त करने की कार्यवाही के आदेश नगरलिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने जारी किए हैं। इसके अलावा रोड पर निर्माणाधीन सामग्रियों को हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

नाले पर हो गये थे पक्के निर्माणों पर बड़ी कार्यवाई

# नगर पालिका अमले ने सनखेड़ा रोड से हटाए आधा दर्जन अतिक्रमण



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका के अतिक्रमण विरोधी अमले ने सोमवार को सनखेड़ा नाका स्थित सनखेड़ा रोड किनारे दुकानों और मकानों के सामने किये गए अतिक्रमण जेसीबी से सख्ती से हटाए। यहां बारिश की तैयारियों को लेकर नाले का निर्माण किया जाएगा।

बता दें कि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज ही इस क्षेत्र का दौरा करके कुछ बस्तियों को बाढ़ से बचाने नाला निर्माण करने को कहा था। इसी के तारतम्य में सीएमओ श्रीमती ऋतु मेहरा के नेतृत्व में सहायक यंत्री मीनाक्षी चौधरी, कमलकांत बडग़ोती, जगदीश पटेल और पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी।

## नालियों पर था कब्जा

उल्लेखनीय है कि सनखेड़ा नाका तिराहे से सनखेड़ा रोड किनारे बने मकान मालिकों ने सामने दुकानें निकालकर नालियों पर भी अतिक्रमण कर लिया था। ऐसे ही कुछ मकान मालिकों ने भी अतिक्रमण किया है। एक जानकारी के अनुसार यहां करीब एक दर्जन ऐसे अतिक्रमण हैं जिन्हें हटाकर यहां से नाला निर्माण किया जाएगा। नगर पालिका ने यहां से कच्चा नाला बनाना अतिक्रमण हटाने के साथ ही प्रारंभ कर दिया है। सीएमओ श्रीमती मेहरा के अनुसार नालों पर हुए ऐसे सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों की सफाई हेतु नागरिक भी कर रहे श्रमदान

**रायसेन।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में कलेक्टर अरविंद दुबे के दिशा-निर्देशानुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुओं, बावड़ियों, तालाब, नदियों आदि जल स्त्रोतों की सफाई की जा रही है। इस अभियान में नागरिकों द्वारा भी उत्साहपूर्वक भागीदारी कर जल स्त्रोतों की सफाई हेतु श्रमदान किया जा रहा है। इसी क्रम में बेगमगंज नगर में दशहरा मैदान स्थित कुएं को उपयोगी बनाने हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा कुएं की सफाई कराई जा रही है। बाड़ी में भी नगर परिषद द्वारा नदी की सफाई कराते हुए उसमें जमा कचरा, गाद निकालने का कार्य किया जा रहा है। गैरतगंज नगर में स्थित प्राचीन कुएं को उपयोगी बनाने के लिए नगर परिषद अमले द्वारा साफ सफाई की गई। उल्लेखनीय है कि 5 जून को राजधानी में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आम नागरिकों से इस अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया था। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी स्थानीय निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं।

## पुलिस ने पकड़ी बोलोरे से अबैध शराब

**सिवनी मालवा।** अवैध शराब के विकृय करने वालो के खिलाफ अभियान चलाकर थाना सिवनी मालवा पुलिस द्वारा आरोपी रवि राजपूत पिता बलवंत राजपूत उम्र 27 साल निवासी देवल मोहल्ला के कब्जे से 5 पेटी देशी मदीरा प्लेन कुल 45.500 लीटर कीमती 20,000 रूपये की आरोपी ओमप्रकाश पिता बिष्णु प्रसाद चोहान 28 साल निवासी राही चौक एक सफेद रंग की बोलेरो क्रं. एमपी 05 टी 2048 जप्त की गयी एवं उक्त आरोपीगणो के विरुद्ध थाना पर अपराध क्र0 384/2024 धारा 34(1) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया ।






# गांवों में की जा रही हैं कुआं-बावड़ी और तालाब की साफ-सफाई

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

जन अभियान परिषद ने ग्राम पंचायत भैरोपुर में प्रातः 9-00 बजे जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत सदस्य सुनीता लोवंशी ग्राम ग्राम पंचायत सरपंच रजनी लोवंशी ग्राम पंचायत सचिव अर्जुन सिंह पूर्व सरपंच गणेशाराम पटेल ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से गुलाब सिंह लौवंशी प्रदेश उपाध्यक्ष किसान यूनियन संतोष पटवारे समिति के सदस्य दुर्गेश लौवंशी किशोरी लाल लौवंशी सूरज पटेल अमर सिंह पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मनीषा मालवीय राम नायर समाजसेवी जनपद प्रतिनिधि सत्यनारायण लौवंशी सरपंच प्रतिनिधि रमेश लौवंशी और मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से लक्ष्मी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुगना लौवंशी जागरण युवा समिति से राजेश



सराठे द्वारा श्रमदान किया गया एवं कुआ बावड़ी तालाब का चयन किया गया साथ-साथ सभी लोगों ने संकल्प लिया यह अप्रैल के एक महीने के अंदर इस बावड़ी तालाब का कायाकल्प करेंगे और हमारे गांव में कम से कम 50 घर वॉटर हार्वेस्टिंग करने के लिए प्रेरित किया।

## बच्चियों ने पेंटिंग के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश



**इटारसी।** मुस्कान संस्था के बच्चों ने सोमवार को जल की कीमत समझाते हुए नगर को यह संदेश दिया कि जल बचाने से ही जीवन बचाया जा सकता है। बिना जल के कल नहीं है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज मुस्कान संस्थान की बालिकाओं ने जल संरक्षण से संबंधित पेन्टिंग बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा, नगर पालिका में सभापति श्रीमती अमृता मनीष ठाकुर, मुस्कान बालिका गृह की अधीक्षक ऋतु राजपूत सहित स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे। सभी ने बच्चियों की पेंटिंग की सराहना की और आमजन से जल का महत्व समझते हुए वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने का आग्रह किया।



## 9 फीट के अजगर का किया रेसक्यू, अभी तक पकड़ चुका है हजारों जहरीले सांप

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

शहर के सर्पमित्र व जीव जंतु प्रेमी अभिजीत यादव ने रविवार को एक 9 फिट लम्बे अजगर का रेसक्यू किया है, बताया जा रहा है, कि समीपस्थ ग्राम भिलाखेड़ी में एक किसान के यहां खेत कि मेड पर गीता बाई को विशालकाय अजगर दिखाई दिया था। जिसके बाद इसकी सूचना अभिजीत यादव को डी गई, अभिजीत ने सूचना मिलने पर गांव पहुंचकर इसलिए बड़े अजगर का सुरक्षित रेसक्यू किया है।

**हजारों जहरीले जीव जंतु पकड़े:** सर्प मित्र अभिजीत यादव के द्वारा पिछ्ले कई वर्षों से घरों में निकलने वाले जहरीले जीव जंतुओं को पकड़ कर सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य यह है कि इन बेजुबान जीव जंतुओं को मौत के घाट न उतारा जाए।

**मेट्रो एंकर** निबंध प्रतियोगिता जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण थीम पर आयोजित

# जल गंगा संवर्धन अभियान : खिलाड़ियों ने निबंध लिखकर दिया जल जागरुकता का परिचय



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नगर परिषद बनखेड़ी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सोमवार 10 जून को आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल शिविर के समापन कार्यक्रम में उपस्थित होकर विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राएं (खिलाड़ियों) के द्वारा निबंध प्रतियोगिता जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण थीम पर आयोजित कराई गई। शासन के प्राप्त निर्देश अनुसार जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्रा, शिक्षा विभाग से बीईओ हिमांशु बड़कुर, बीआरसीकमलेश वर्मा, टीआई सुधाकर बारस्कर खेल विभाग से देवेंद्र ऊरहा, ब्लॉक खेल समन्वयक अधिकारी कन्या हाई स्कूल से पीटीआई राजेश स्वामी, कलीराम अहिरवार, राजकुमार पाली, नीरज बाथरे, वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र शर्मा, सीएमओ संतोष रघुवंशी एवं अभियान में संलग्न समस्त निकाय कर्मचारी उपस्थित रहे । निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को जल गंगा संवर्धन अभियान समापन कार्यक्रम 16 जून 2024 को आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

## जल गंगा अभियान :शुक्रवाड़ा फॉर्म में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**नर्मदापुरम।** माखन नगर के सेक्टर 1 में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में जल गंगा अभियान के तहत ग्राम शुक्रवाड़ा फॉर्म में जल संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्य निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर



खुशबू यादव, द्वितीय स्थान पर धीरज यादव एवं तृतीय स्थान पर उदय प्रताप रहे द्य सूर्योदय सामाजिक संस्था द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार का वितरण प्राचार्य के कर कमलो द्वारा कराया गया द्य एवं सभी बच्चों को पारितोषिक भी दिए गए ।इस अवसर पर सूर्योदय सामाजिक संस्था से हरीश नामदेव एवं स्कूल के प्राचार्य महोदय एवं मनोज चतुर्वेदी के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहे ।



## पालीवाल कॉलोनी के नाले में गिरा सवारी ऑटो, इस नाले से लोग काफी परेशान



**सिरोंज।** रात पालीवाल कॉलोनी में एक सवारी ऑटो नाले में गिर गया जिस कारण ऑटो को रहवासियों एवं अन्य लोगों के द्वारा नाले में से ट्रैक्टर की मदद से घसीट कर सड़क पर लाया गया । गनीमत यह बात रही के उक्त सवारी ऑटो में कोई सवारी नहीं बैठी थी नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी ज्ञात रही के पालीवाल कॉलोनी की मुख्य सड़क पर बहुत बड़ा कच्चा गंदा नाला 12 महीने बेहता रहता है नगर पालिका के अधिकारियों की उदासीनता के कारण उक्त नाल आज तक पक्का नहीं बना है जिस कारण रह वासियों को गंदगी मच्छरों आदि की बहुत समस्या होती है रहवासियों ने इस नाले को कई सालों से पक्का करने की मांग करते आ रहे हैं परंतु शासन प्रशासन द्वारा आज दिनांक तक नल को नहीं बनवाया गया। देखा जाए की इस नाले से लोग काफी परेशान हैं और रात्रि के समय में इस नाले में गिर कर कई लोग घायल हो चुके हैं। लेकिन नपा के जिम्मेदारो ने इस नाले को बनवाने का कोई प्रयास नहीं किया हैं।

## नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा फरार अज्ञात आरोपी के सूचना देने वालो को दो हजार रूपए नगद राशि देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला के द्वारा जारी इनाम उदघोषणा आदेश में उल्लेख है कि नटेरन जिला विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 115/2024 के फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वालो को दो हजार रूपए नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## एक प्रकरण में जिला बदर की कार्यवाही

**सिरोंज।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर की कार्यवाही की गई है। उनमें अनावेदक राजू लगडा उर्फ राजकुमार पिता उमराव सिंह ठाकुर निवासी बैस दरवाजा विदिशा के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही का आदेश जारी हुआ है। अनावेदक विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से एक वर्ष की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किये गए है।

### शहर में जगह-जगह लगे हैं कचरे के ढेर, इन पर खड़े रहते हैं लावारिस पशुओं के झुंड

# कागजों में चल रहा स्वच्छता सर्वेक्षण: कचरा ढेर बन रहे परेशानी, दरोगा नहीं देते ध्यान

**सिरोंज, सईद खान।**



नगर पालिक परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को लेकर नगर में बेहतर सफाई व्यवस्था कराने के दावे कर रही है। लेकिन सफाई सिर्फ मुख्य सड़को पर दिखाने के लिए हो रही है। अभी भी नगर के अधिकांश हिस्सों में पूरे समय गंदगी फैली नजर आ रही है। शहर की एकमात्र प्राचीन केथन नदी की स्थिति बदहाल है। यही हाल नगर की गलियों के भी हैं। जहां शहर में जगह-जगह कचरों के ढेर लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। आलम यह है कि कूड़े -करकट के ढेर के कारण वहां पर लावारिसा पशुओं का डेरा लग रहा है जो कि वाहन चालकों के लिए भी परेशानी का कारण है। इसके अलावा जगह-जगह लगे हुए कचरे के ढेर शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रहे हैं। पिछले लंबे समय से ही यहां की मुख्य सड़कों की कायदे से सफाई नहीं हो रही है। ऐसे में सड़क किनारे के वार्डों में गंदगी से बीमारियां पनपने की आशंका बढ़ती जा रही है। शहर में लगे गंदगी के ढेरों के कारण लोगों का जीना दूभर होग गया है, जिन दुकानों व घरों के पास गंदगी के ढेर लगे हुए हैं उनको हर समय बदबू के कारण नर्क भरी जिंदगी जीने को मजबूर होना पड़ा रहा है। सुबह के समय जब लोग सैर करने के लिए निकलते हैं तो उनको शुद्ध हवा की जगह बदबू का सामना करना पड़ता है।

**दरोगा नहीं देते ध्यान** - शहर के मुख्य बाजार में बोहरवाड़ी स्थित चतुर्भुज मंदिर के सामने दिन दिन भर कचरे के ढेर लगे रहते हैं जिन पर पशु विचरण करते हैं इसके अलावा नगर पालिका द्वारा उक्त जगह पर एक लोहे का बोर्ड भी लगाया गया है जिस पर लिखा है कि कचरा डालने पर 500 रुपए का जुर्माना लगेगा। लेकिन दरोगाओं की लापरवाही एवं कर्मचारी तैनात ना होने की वजह से स्थानीय लोग सड़क पर ही कचरा डालकर चले जाते हैं जिसकी वजह से आसपास के दुकानदार सहित लोग काफी परेशान होते हैं। ऐसे ही पुरानी बस स्टैंड से काले बाजार जाने वाले मार्ग पर कचरा डले होने से ऐसी ही स्थिति रोज निर्मित होती है। वही वार्ड वार्ड 18 सतखनीएहाजीपुर, श्रीराम कालोनी, मंडी बायपास, लिंक रोड, काला बाजार, बासौदा नाका नहर के पास जगह-जगह सड़कों पर कचरे के ढेर लगे हैं। यही स्थिति बासौदा नाके से बस स्टैंड तक कई जगह मुख्य सड़क पर कचरे के ढेर एवं नालियों में ठसी पॉलिथीन की वजह से पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है। कई जगह स्थिति वद से बद्तर है।

**बीमारियां फैलने का डर:** इसी तरह स्कूली बच्चे जब इन कूड़ों के ढेरों के पास से निकलते हैं तो वे भी प्रदूषित हवा का शिकार हो जाते हैं। जिन लोगों को दमे की बीमारी है उनके लिए सड़कों के किनारों पर पड़ी मिट्टी व कूड़ा उनकी सांस की बीमारी में बढ़ोतरी कर रहा है। सड़कों के किनारे पड़े कूड़ों के कारण लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करने को मजबूर होना पड़ रहा है। वही नगर के अधिकांश वार्डों में सफाई के अभाव के कारण नालियों का गंदा पानी मुख्य सड़कों पर बह रहा है। जिन रास्तों से प्रतिदिन हजारों लोग निकलते हैं। यह स्थिति नगर के अधिकांश वार्डों में देखने को मिल रही है जहां पर भाजपा सहित कांग्रेश के जनप्रतिनिधि एवं पार्षद खुद नपा परिषद पर स्वच्छता को लेकर आरोप-प्रत्यारोप करते हैं।

### नगर के कई वार्डों में ठसी नालियां खोल रही नपा के दावों की पोल

शहर की मुख्य सड़कों पर कचरे के ढेर एवं जगह जगह आवारा मवेशियों के झुंड देखे जा सकतें हैं। बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहें हैं। एक तरफ जहां कुछ जगहों पर नाली नहीं होने से लोग परेशान है तो कुछ जगहों पर नालियां होने के बावजूद गंदगी दुर्गंध और कचरा जमा होने की शिकायत हैं। सवाल यह है कि जब नगर के मुख्य मार्ग के यह हाल हैं तो गलियों में क्या हालात होंगे। नालियों का पानी निकासी न होने से नालियों में ही भरा रहता है। जिससे उठने वाले दुर्गंध से राहगीरों व दुकानदारों आदि को परेशान करती है। नालियों में बदबूदार पानी इकट्ठा होने से संक्रमित बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है।

### इनका कहना है -

*मैं अभी बैठक में हूं विदिशा आकर देखता हूं। जहां समस्या होगी कार्रवाई करेंगे।*

**मनमोहन साहू**, *नपा अध्यक्ष*

*मानसून दस्तक दे रहा है, शहर की नालीयां ठसी पड़ी हैं, सड़कों पर जगह-जगह कचरे के ढेरों से रहवासी परेशान हैं। हम लगातार शिकायते कर रहे हैं, लेकिन अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। नपा सिर्फ सफाई के नाम पर कागजों में करोड़ों रुपए वेमतलब खर्च करती जा रही है।*

**नदीम उर्फ नद्दू खान** पार्षद कांग्रेस

## राजस्व विभाग की अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाही



**सिरोंज।** कुरवाई मल्हारगढ़ रोड पर प्रतिदिन हो रहे रेत के अवैध परिवहन पर कुरवाई राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है रेत का अवैध परिवहन करते हुए कुरवाई राजस्व विभाग ने दादूदार के पास मल्हारगढ़ रोड पर तीन डम्पर और एक ट्रैक्टर को जप्त किया है उक्त वाहनों को जप्त कर कुरवाई थाना प्रांगण में खड़ा कराया गया है मिली जानकारी के अनुसार अब तक कोई लिखित कार्रवाई इन वाहनों पर स्थापित नहीं की गई है राजस्व विभाग की कार्रवाई के दौरान वाहन चालक वाहनों को छोड़ भाग गये थे राजस्व विभाग के वाहन चालक वाहनों को थाना लेकर पहुंचे हैं विचारणीय विषय है कि अगर यह रेत का परिवहन वैध होता तो वाहन चालक वाहनों को छोड़कर क्यों भागते कार्रवाई के दौरान तहसीलदार संदीप शर्मा नायब तहसीलदार देवदीप सिंह गौड़ पटवारी सौरभ भदोरिया पटवारी अमोल शर्मा रजत यादव और दर्जनों की संख्या में चौकीदार मौजूद रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियानः मुगलसराय में प्राचीन बावड़ी की सफाई के लिए बनाई मानव श्रृंखला



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सरकार के द्वारा प्राचीन धरोहरों के संरक्षण तथा साफ सफाई कर कर उनको अपना जीवित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसमें सामाजिक लोग भी अपना योगदान देने के लिए आगे आ रहे हैं। इसी अभियान में नगर सहित ग्रामीण अंचलों के जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए कलेक्टर ने दिशा निर्देश जारी किए जितने भी प्राचीन कुओं, तालाब, बावड़ी सहित अन्य जल स्त्रोतों को उपयोगी बनाने के लिए धरातल पर साफ-सफाई तथा गहरीकरण का कार्य करना है प्रशासनिक अमले के साथ ही आम नागरिकों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना है, इस साल विकासखंड में पानी को लेकर समस्या हो रही है। आम नागणेची जल संरक्षण के प्रति जागरूक दिखाई दे रहा है। सोमवार को ग्राम पंचायत मुगलसराय के ग्राम सिरस्वास में प्रसिद्ध श्री सिद्ध बाबा आश्रम स्थित प्राचीन बावड़ी की स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से साफ सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने बावड़ी की अंदर भर साफ सफाई करते हुए कीचड़, मट्टी, आदि निकालने का कार्य भी किया। जनपद सदस्य प्रतिनिधि पंडित प्रशांत पालीवाल, कहां की हम सबको भी अपनी भूमिका निभाते हुए पुराने जल स्त्रोतों को जीवित करने के लिए मिल कर काम करना होगा को इस साल पानी को लेकर समस्या हो पहले जल स्त्रोतों का उपयोग पानी के लिए होता था आज वह बादह हो गए हैं। सभी मिलकर उनके संरक्षण के लिए कम करें। जलस्तर बढ़ने के लिए पानी को भी बचना होगा उन्होंने सभी को जल संरक्षण के प्रति जागरूक होकर काम करने के लिए संकल्प भी दिलाया इस दौरान भागीरथ अहिरवार, सचिव राजेंद्र शर्मा, नंदराम सिंह, रघुवीर सिंह, करण सिंह, सूबा, गुमान, गजराम, मंगल सिंह, निर्भय सिंह, सीताराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन के सुझावों पर अमल करेंः कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश का महत्वपूर्ण कार्यक्रम जल गंगा संवर्धन अभियान की निहित बिन्दुओं का विदिशा जिले में शत प्रतिशत क्रियान्वयन हो इन कार्यो में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता व सहयोग प्राप्ति के उद्धेश्य से कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक आयोजित की गई थी। कलेक्टेउ्ट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी, बासौदा विधायक हरिसिंह रघुंवशी, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा के अलावा जनपदो व निकायो के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि व विभिन्न सामाजिक संगठनो व स्वंयसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि व विभिन्न विभागो के अधिकारी मौजूद रहें।



बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि हम आने वाली पीढी को विरासत में अपार जल स्त्रोत दें ताकि उन्हें जल अभाव जैसी स्थितियों का सामना ना करना पडें। उन्होंने अभियान को अतिमहत्वपूर्ण बताते हुए क्षेत्र के लिए विशेष पहल करने पर बल दिया है। उन्होंनें कहा कि बासौदा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतो के संरक्षण हेतु विशेष पहल की जा रही है इन कार्यो में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा हर संभव मदद की जा रही है। उन्होंने विभागो के अधिकारियों से कहा कि जो काम हाथ में लिया है उसे वे पूरा करे ताकि संबंधित क्षेत्र में वह कार्य स्पष्ट रूप से परलिक्षित हो।

शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा कि विदिशा जिले में प्राचीनकाल से जलस्त्रोतों का भण्डार है जरूरत इस बात की है कि हम उनका रखरखाव ठीक से करें। उन्होंने अपने अध्ययनकाल के दौरान देखे गए जल स्त्रोतो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संरक्षण व संवर्धन के अभाव में विलुप्त हो गए है। अब ऐसी स्थिति दुबारा ना बने इसके लिए हम सबको मिलकर अपने-अपने क्षेत्र के जल स्त्रोतो का आवश्यकता के अनुसार जीर्णोद्वार कार्य करना अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतो में मनरेगा के तहत जल स्त्रोतो पर नए कार्य किए जाए। शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में जल की प्रचुर मात्रा को रेखांकित करते हुए उन्होंने सगड और संजय बांध की उपलब्धियों को रेखांकित किया। श्री मीणा ने पौधरोपण पर भी विशेष बल दिया है। उन्होंने मानव जाति के उज्जवल पर्यावरण के लिए जल और पौधे अतिआवश्यक बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में क्रियान्वित अभियान का मूल उद्धेश्य यही है कि हम अपने-अपने क्षेत्र के विलुप्त हो रहे जल स्त्रोतो को पुनजीवित करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार का संकोच नहीं होना चाहिए जिस प्रकार हमें उपलब्धता हो रही है कि ठीक वैसे ही आने वाली पीढी के लिए सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि जल और हवा का कोई विकल्प नहीं है। जल से मानव जीवन पुर्नत्थान है। जल से पौधे सहित हर प्रकार की जलवायु विकसित होती है जो मानव जीवन के लिए अतिआवश्यक है जिस प्रकार पौधे मानव जीवन को सिर्फ देने का कार्य करते है ठीक वैसे ही जल हमारे लिए देने का कार्य करता है चाहे व पेयजल आपूर्ति के लिए हो या फिर दैनिक नित्य दिनचर्या के लिए हो, खेतीबाडी के लिए हो, संसाधनो के उपयोग हेतु कल कारखानो के संचालन सहित अन्य विधाओं का संचालन जल के बिना संभव नहीं है।

जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने अभियान अवधि के अंतिम दिन अर्थात 16 जून को गंगा दशहरा के पावन पर्व पर जिले में दस लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य तय किया गया है इसके लिए निकायो, जनपदो के द्वारा पृथक-पृथक कार्ययोजना बनाए गई है जिसकी पौधो की प्राप्ति कैसे की जाएगी पौधे किन-किन स्थलों पर लगाए जाएंगे। उनकी देखभाल के लिए क्या प्रबंध किए जाएंगे। उपरोक्त कार्यो में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता, आमजनो का सहयोग तथा विभागो के माध्यम से संपादित किए जाने वाले कार्यो को रेखांकित किया गया है।

**मेट्रो एंकर**

### समय-सीमा की बैठक में गहन समीक्षा, बाढ़ नियंत्रण कक्ष संचालित किए जाएं

# अभियानों के क्रियान्वयन में ख्याति अर्जित करें विभागः कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सोमवार को लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को ताकिद करते हुए कहा कि शासन के महत्वपूर्ण अभियानों के क्रियान्वयन में विभाग की ख्याति स्पष्ट परलिक्षित हो। अभियानों के क्रियान्वयन में कहीं कोई दिक्कत आती है तो अविलम्ब वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में जरूर लाएं ताकि उसका समाधान यथाशीघ्र कराते हुए अभियान से लाभान्वित होने वालों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

बाढ नियंत्रण कक्ष संचालित किए जाए- कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि वर्षाकाल के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा से जिला प्रभावित ना हो इसके लिए विभागो के अधिकारियों को पूर्व में तमाम संसाधनो की आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि जिले में कहीं भी वर्षाकाल के दौरान जनहानि, पशुहानि अथवा सम्पत्ति हानि ना हो सकें। उन्होंने विभागो के अधिकारियों से कहा कि हरेक विभाग अपने-अपने विभागीय संसाधना, उपकरणों स्टाफ सहित संपूर्ण जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि निर्माण कार्यो को संपादित कराने वाले विभागो के अधीनस्थ कार्य करने वाले ठेकेदारो क उपकरणो की सूची जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए जिसमें उपकरण कहां रखे गए है। आपदा स्थिति में जरूरत पड़ने पर इन उपकरणों के संचालन हेतु किन से सम्पर्क किया जाना है के नाम पते व मोबाइल नम्बर सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज करें।

कलेक्टर ने सभी एसडीएमो को निर्देशित किया है कि खण्ड स्तर पर भी बाढ नियंत्रण कक्ष संचालित किए जाए। इन कक्षो में चौबीस घंटे अधिकारी, कर्मचारी तैनात रहे और कक्षो के सम्पर्क नम्बरो का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर आमजन सुगमता से सम्पर्क कर सकें। हरेक कक्ष में चिकित्सकों की भी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा दल अविलम्ब रवाना किए जा सके। कलेक्टर ने कहा कि हाइकोर्ट में लंबित प्रकरणो में विभागीय अधिकारी समय पर जबाव दावा दाखिल कराना सुनिश्चित करें किसी भी प्रकरण में कोर्ट की अवहेलना हो का पूरा ध्यान रखा जाए। समय सीमा में जबाव दावा दाखिल करने के उपरांत उसकी एक प्रति कलेक्टेउ्ट में जिला नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि जिले में स्कूल चले हम अभियान और कॉलेज चले अभियान की निहित बिन्दुओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन कराया जाना सुनिश्चित करें शासन द्वारा ततसंबंध में जारी दिशा निर्देशो का संबंधित विभागीय अधिकारी व नोडल अध्ययन अवश्य करें साथ ही क्रियान्वयन के लिए गठित होने वाले दलो का समय सीमा में गठन करना सुनिश्चित करें। ताकि उद्धेश्यों की प्राप्ति में किसी भी प्रकार की बिलम्बता ना हो सके। उन्होंने कहा कि स्कूलो में शत प्रतिशत बच्चो का दाखिला होना है इसी प्रकार जिले के महाविद्यालयों में कक्षावार विद्यार्थी दाखिला ले सकें कि जानकारी सुगमता से उन तक पहुंचे इसके लिए बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों से सम्पर्क कर उन्हें महाविद्यालयों में अध्ययन हेतु दाखिला के लिए निर्धारित प्रक्रिया से अवगत कराएं। दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को नए परिवेश, वातावरण में अध्यापन कार्य की सुविधा मिले इसके लिए बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति संस्थाओं में अवश्य रूप से कराई जाए।



### छात्रावासों में तमाम बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति

कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागो के माध्यम से जिले में संचालित छात्रावासो में रह रहे विद्यार्थियों के लिए शासन की मंशा के अनुसार तमाम बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति सुनिश्चित कराई जानी है जिसके आंकलन हेतु विभागो के जिलाधिकारियों को छात्रावास आवंटित किए गए है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आवंटित छात्रावास का भ्रमण कर विद्यार्थियों से संवाद उपरांत मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति में हो रही कमियों पर आधारित प्रतिवेदन अविलम्ब संबंधित विभाग को उपलब्ध कराए ताकि विभाग के माध्यम से उल्लेखित छात्रावास के विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति अविलम्ब हो सकें।

कलेक्टर श्री वैद्य ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य प्रकोष्ठो के माध्यम से प्राप्त हुए आवेदनों पर संबंधित विभागो के अधिकारियों द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की है कि बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की है। उन्होंने ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी के लिए फसल का शत प्रतिशत सत्यापन कराने के भी निर्देश बैठक में दिए है। इस दौरान सेवानिवृत्त हुए जिले के 105 कर्मचारियों को पेंशन सहित अन्य दावो की राशि की प्राप्ति के संबंध में लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई है।

कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेडी में लोकसभा निर्वाचन संबंधी तमाम कार्य पूर्ण किए जा चुके है निर्वाचन सामग्री आयोग के दिशा निर्देशानुसार नियत स्थलों पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भण्डारित कर सील्ड की जा चुकी है अतः अब शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेडी में विद्यार्थियों के अध्यापन कार्य में कहीं कोई दिक्कत ना आए का विशेष ध्यान रखते हुए महाविद्यालय का सुचारू रूप से संचालन कराया जाना सुनिश्चित हो। कलेक्टेउ्ट के बेतवा सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा, सुश्री विनीता तिवारी, विनीत तिवारी, डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया, विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा, ग्यारसपुर एसडीएम मनोज उपाध्याय के अलावा विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहें। वहीं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

# पूजा यूएफसी फाइट जीतने वाली पहली भारतीय बनीं




**लुइसविले (अमरीका), एजेंसी**

भारत की 30 वर्षीय पूजा तोमर ने शनिवार रात इतिहास रच दिया और अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) जीतने वाली देश की पहली मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) फाइटर बन गई। यह फाइट अमरीका के लुइसविले केंटुकी में आयोजित हुई थी, जहां पूजा ने 52 किग्रा वर्ग में ब्राजील की रेयाना डोस सांतोस को 30-27, 27-30, 29-28 से मात दी।

वेदांगी अपनी यात्रा की शुरुआत भारत के ईस्ट कोस्ट से करेंगी और अपने सफर के दौरान करीब 14 देशों की सीमाएं पार करेंगी। इस दौरान वह मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा, पुर्तगाल, स्पेन, फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैंड्स, जर्मनी, डेनमार्क, स्वीडन, फिनलैंड और ओमान जाएंगी। ओमान पहुंचने के बाद वह गुजरात से होते हुए वापस कन्याकुमारी आएंगी। जीत के बाद खुश पूजा ने कहा, यह जीत सिर्फ मेरी नहीं बल्कि पूरे देश की है। इससे पहले, लोग सोचा करते थे कि भारतीय फाइटर यूएफसी फाइट नहीं जीत सकते लेकिन मैं मुझे खुद पर पूरा भरोसा था कि मैं जीत हासिल कर सकती हूं। मेरे दिमाग में सिर्फ यही चल रहा था कि मुझे जीतना है और पूरी दुनिया को दिखाना है कि भारतीय फाइटर भी जीत सकती हैं।

**रोजाना 270-300 किमी साइकिल चलाएंगी-** वेदांगी ने कहा, मुझे रोजना 270 से 300 किमी का सफर तय करना होगा इसके लिए फिजिकल ट्रेनिंग बहुत जरूरी है। मैं रोजाना योगा और मेडिटेशन करती हूं। मेरा लक्ष्य देश का नाम रौशन करना है।

### कराटे-ताइक्वांडो में भी महारत

पूजा उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की रहने वाली हैं। एमएमए फाइटर बनने से पहले वह वुशु खिलाड़ी थीं और पांच बार राष्ट्रीय चैंपियन रहीं। उन्हें कराटे और ताइक्वांडो में भी महारत हासिल है। भारतीय साइकिलिस्ट वेदांगी कुलकर्णी पिछले कुछ समय से अपनी फिटनेस पर जबरदस्त काम कर रही हैं क्योंकि वह जल्द ही दुनिया का भ्रमण करने के लिए निकलेंगी। 25 वर्षीय वेदांगी का लक्ष्य दुनिया का भ्रमण करने वाली दुनिया की सबसे तेज साइकिलिस्ट बनना है। वह अपने सफर की शुरुआत अगले महीने जुलाई के पहले सप्ताह से करेगी।

# टी-20 वर्ल्ड कप में आज कनाडा का मुकाबला पाकिस्तान से होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप में आज पाकिस्तान का सामना कनाडा से होगा। दोनों टीमों का क्रिकेट इतिहास 45 साल पुराना है। हालांकि तब दोनों टीमें वनडे वर्ल्ड कप 1979 में आमने-सामने हुई थीं। पाकिस्तान और कनाडा के बीच अब तक कुल 3 इंटरनेशनल क्रिकेट मुकाबले खेले गए हैं। ये सभी मैच पाकिस्तान टीम ने जीते हैं। इसमें 2 वनडे (1979 और 2011 वनडे वर्ल्ड कप) मैच हैं और 1 टी-20 मुकाबला हैं। कनाडा अपना डेब्यू टी-20 वर्ल्ड कप खेल रही है। वहीं पाकिस्तान 2009 की चैंपियन है।

### दोनों टीमों के बीच इकलौता टी-20 मुकाबला

पाकिस्तान और कनाडा के बीच इकलौता टी-20 मुकाबला 2008 में खेला गया था। तब दोनों टीमें टी-20 कनाडा टूर्नामेंट में आमने-सामने हुई थीं। इस मैच में पाक टीम ने कनाडा को 35 रन से हराया था। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 137 रन बनाए थे। जवाब में कनाडा 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 102 रन ही बना सकी।



### टूर्नामेंट में मैच की अहमियत

पाकिस्तान, भारत, आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका के साथ ग्रुप-ए में है। टीम अपने दोनों शुरुआती मैच हार चुकी है और बिना किसी पॉइंट के साथ चौथे नंबर पर है। टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए आज के मैच में जीत जरूरी है, हारने पर टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर, कनाडा 2 मैचों 1 जीत और 1 हार के बाद 2 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। इसे भी अगले स्टेज के लिए क्वालिफाई करने के लिए हर हाल में जीतना होगा।

### आज के मुकाबले में टॉस का रोल

मौजूदा टूर्नामेंट में बल्लेबाजों को इस मैदान पर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। जैसे की रविवार को खेले गए भारत-पाकिस्तान मैच में भी देखने को मिला. पेसर्स को यहां काफी मदद मिल रही है. वहीं बीच के ओवरों में स्पिनर उपयोगी साबित हो सकते हैं। नसाउ में अब तक 5 मैच हो चुके हैं। इनमें से 3 मैच चेज करने वाली टीम जीती हैं, जबकि पहले बल्लेबाजी करने वाली सिर्फ दो। इनमें भारत भी शामिल है। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले बॉलिंग करना पसंद करेगी।

**पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान** - रिजवान के टी-20 में 100 मुकाबले पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कुल 3243 विकेट रन बनाए। इसमें एक शतकीय पारी भी शामिल है। भारत के बीच हुए लो स्कोरिंग मैच में उन्होंने 31 रन की पारी खेली थी। वहीं भारत के खिलाफ हुए मुकाबले में नसीम शाह ने 5.25 की इकोनॉमी से 3 विकेट लिए थे। वहीं, अमेरिका के खिलाफ भी उन्हें एक सफलता मिली थी। टी-20 में उनके कुल 27 मैच में 23 विकेट हैं।

**कनाडा के एरन जॉनसन-** कनाडा के 33 साल के एरन ने पिछले सीरीज में सबसे ज्यादा 124 रन जोड़े थे। उन्होंने कुल 12 मैच में 101.33 के स्ट्राइकरेट से 303 रन बनाए हैं। ऑलराउंड निकोलस किर्टोन ने आयरलैंड के खिलाफ हुए पिछले मैच में 35 गेंदों में 49 रन की पारी खेली थी। वहीं, अमेरिका के खिलाफ भी 51 रन बनाए थे। वह अपने कुल 16 मैच में 364 रन बना चुके हैं।

### टेनिस - फाइनल में जर्मनी के ज्वेरेव को हराया

# अल्कारेज का राज... पहली बार बने फ्रेंच ओपन चैंपियन

**पेरिस, एजेंसी**

स्पेन के 21 वर्षीय कार्लोस अल्कारेज ने फ्रेंच ओपन का पुरुष एकल खिताब जीत लिया। तीसरी वरीय अल्कारेज ने फाइनल में जर्मनी के चौथी वरीय खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच सेटों तक चले कड़े मुकाबले में 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। इसके साथ ही अल्कारेज ने अपने करियर का कुल तीसरा और पहला ग्रैंड स्लेम खिताब जीत लिया। इससे पहले उन्होंने 2022 में यूएस ओपन और 2023 में विम्बलडन खिताब जीत था। जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव का पहली बार ग्रैंड स्लेम खिताब जीतने का सपना फिर टूट गया। फ्रेंच ओपन से पहले उन्हें 2020 में यूएस ओपन के फाइनल में भी हार झेलनी पड़ी थी। फ्रेंच ओपन जीतने के बाद ट्रॉफी को चूमते हुए कार्लोस अल्कारेज।



# अन्नू ने रजत पदक जीता, ओलंपिक से चूकी

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस). एजेंसी**

भारत की अन्नू रानी ने शनिवार को यहां नेशनल डी स्ट्रासबर्ग 2024 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता। इस सीजन की अपनी चौथी प्रतियोगिता में उन्होंने आखिरी प्रयास में 57.48 मीटर थ्रो किया। लेकिन वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन मार्क 64 मीटर था, जबकि अन्नू का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 63.82 मीटर है।





## मेट्रो बाजार

# अदाणी पोर्ट्स को मिला कोलकाता बंदरगाह के संचालन का कॉन्ट्रैक्ट

### कंपनी का दावा- कनेक्टिविटी बेहतर होगी

**कोलकाता, एजेंसी**

एपीएसईजेड की बंदरगाह पर उपस्थिति से टर्मिनल और इसके कंटेनर बंदरगाह पर कनेक्टिविटी बेहतर होगी। खासकर विझिनजाम और कोलंबो से आने जाने वाले शिपमेंट की कनेक्टिविटी अच्छी होगी। इस साल से ही संचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। अदाणी समूह की कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड ने बताया कि कंपनी को अगले पांच वर्षों के लिए कोलकाता बंदरगाह के रखरखाव और संचालन का कॉन्ट्रैक्ट मिल गया है। कंपनी ने बयान में बताया कि स्वीकृति पत्र मिलने के सात महीने के भीतर बंदरगाह पर कार्गो हैंडलिंग उपकरण तैनात कर दिए जाएंगे। कंपनी ने बयान में कहा कि एपीएसईजेड ने कोलकाता को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह के पांच साल के संचालन और रखरखाव के लिए कॉन्ट्रैक्ट हासिल कर लिया है। कंपनी ने नीलामी प्रक्रिया में प्रतिस्पर्धा करके यह कॉन्ट्रैक्ट जीता। एपीएसईजेड की बंदरगाह पर उपस्थिति से टर्मिनल और इसके कंटेनर बंदरगाह पर कनेक्टिविटी बेहतर होगी। खासकर विझिनजाम और कोलंबो से आने जाने वाले शिपमेंट की कनेक्टिविटी अच्छी होगी। इस साल से ही संचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। एपीएसईजेड के निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने बताया कि नेताजी सुभाष डॉक के संचालन और रखरखाव का कॉन्ट्रैक्ट मिलना एपीएसईजेड के देश के बंदरगाहों और लॉजिस्टिक ढांचे को विकसित करने के समर्पण को दर्शाता है। हम अपने दो दशकों लंबे अनुभव का इस्तेमाल करते हुए कंटेनर टर्मिनल को विकसित करेंगे।



# अब पॉलिसीधारकों को बीमा पॉलिसी सरेंडर करने पर अधिक राशि वापस मिलेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बीमा नियामक इरडा जल्द ही इंश्योरेंस पॉलिसी सरेंडर करने के नियमों में बड़ा फेरबदल कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीमा का सरेंडर वैल्यू बढ़ाने के लिए इरडा ने नया प्रस्ताव तैयार कर लिया है। बीमा कंपनियों से इस पर राय मांगी गई है। नए प्रस्ताव में बीमा वापसी शुल्क सरेंडर चार्ज को बढ़ाकर 82त्न करने की बात कही गई है। वर्तमान में यह वैल्यू करीब 30त्न है। अगर नया प्रस्ताव लागू हुआ तो यदि कोई शख्स परिपक्वता अवधि से पहले अपनी जीवन बीमा पॉलिसी को सरेंडर करता है तो उसे पहले के मुकाबले ज्यादा रकम वापस मिलेगी। दिसंबर, 2023 में भी इरडा ने सरेंडर वैल्यू बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था, जिसका विरोध बीमा कंपनियों ने किया था, जिससे इसे लागू नहीं किया गया और अप्रेल, में इरडा को पुराना नियम ही लागू करना पड़ा है। अब दोबारा यह कवायद शुरू की गई है। नया प्रस्ताव पास हो जाता है, इसका फायदा बीमाधारकों को होगा। सूत्रों के मुताबिक, इरडा ने नए प्रस्ताव में ऊंची सुनिश्चित रकम वापसी और विशेष सरेंडर वैल्यू का भी विकल्प रखा है। इसके तहत पॉलिसीधारकों को पहले साल से ही विशेष सरेंडर वैल्यू मिलेगी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# शादी की अटकलों के बीच सोनाक्षी का पुराना बयान वायरल, जीवन साथी के गुण बताए



सोनाक्षी सिन्हा फिलहाल संजय लीला भंसाली की डेब्यू वेब सीरीज हीरामंडी-द डायमंड बाजार में अपने किरदार को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने इस सीरीज में फरीदन का किरदार निभाया है। उन्हें इस किरदार में उनके बेहतरीन अभिनय की वजह से काफी सराहना भी मिली है। अभिनेत्री इन दिनों अपनी पेशेवर जिंदगी के अलावा निजी जिंदगी की वजह से भी चर्चा बटोर रही हैं। इन दिनों कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि सोनाक्षी जल्द ही अभिनेता जहीर इकबाल के साथ शादी करने वाली हैं। जहीर इकबाल के साथ अभिनेत्री का नाम लंबे समय से जोड़ा जा रहा है। अक्सर ये कहा जाता रहा है कि दोनों एक दूसरे के साथ लंबे समय से प्रेम संबंध में हैं। खबरों के मुताबिक, अब दोनों इस महीने ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है। सोनाक्षी की शादी से संबंधित इन अटकलों के बीच उनका एक पुराना वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेत्री ने अपने पार्टनर में होने वाले जरूरी गुणों पर बात की थी। सोनाक्षी के लिए प्यार का मतलब है आराम अपने एक पुराने इंटरव्यू के दौरान सोनाक्षी सिन्हा ने उनके लिए प्यार का मतलब बताया था। अभिनेत्री ने कहा था कि उनके लिए प्यार का मतलब आराम है। उन्होंने कहा था कि पिछले कुछ सालों में उन्हें ऐसे साथी का महत्व समझ में आया है, जिसके साथ वह बिना किसी बनावट के, जैसी हैं वैसी रह सकें। उन्होंने कहा, फ्यह जानकर सुकून मिलना चाहिए की भले ही आप दोनों की लड़ाई हुई हो, लेकिन आपका जीवन साथी आपके लिए हमेशा मौजूद रहेगा। जीवन साथी में जरुरी गुणों को लेकर उन्होंने कहा था कि उसमें ईमानदारी होना सबसे जरूरी गुण है। उन्होंने कहा था कि अगर कोई खुद के साथ ईमानदार होगा, तभी वह अपने पार्टनर के प्रति भी ईमानदारी रख सकता है।

# 'कल्कि' में कमल हासन को पहचान पाना मुश्किल, 81 के बिग बी का एक्शन



महाभारत में गुरु द्रोणाचार्य का सिर धड़ से अलग किए जाने की कथा पता है आपको? क्या आपको पता है कि अर्जुन जब अश्वत्थामा को बांधकर द्रौपदी के पास लाए तो उन्होंने क्यों उसे जाने दिया? किसके वरदान से अश्वत्थामा है अब तक धरती पर मौजूद और क्या रहस्य है उनके माथे पर जन्म से रही मणि के मस्तिष्क से अलग होने का? ऐसे तमाम प्रश्न फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का ट्रेलर देखते समय दर्शक के मन में उठ सकते हैं। फिल्म का ये ट्रेलर सोमवार को जारी किया गया। सोमवार भगवान शिव का दिन है और अश्वत्थामा का तो जन्म ही शिव के आशीर्वाद से हुआ था।

आइए जानते हैं अश्वत्थामा के अलावा और क्या है 'कल्कि 2898 एडी' के इस ट्रेलर में? जैसा कि नाम से ही समझ आता है फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' साल 2898 के भारत की कहानी कहती है। ट्रेलर की शुरुआत काशी के बखान से होती है। दुनिया का पहला शहर और आखिरी भी, ऐसे भावों के साथ शुरू होने वाले ट्रेलर को देखने से समझ आता है कि हवा और पानी आने वाले समय में हवा हो जाने वाले हैं और हरियाली भी ऐसी बात हो जाएगी जो लोगों को सिर्फ सपने में नजर आएगी। ऐसी ही एक दुनिया पर रह रहा है अश्वत्थामा। बलशाली है लेकिन द्रौपदी के श्राप से उसकी आभा नष्ट हो रही है। जन्म के समय उसके माथे पर रही मणि भी ट्रेलर में दिखती है और अश्वत्थामा बने अमिताभ बच्चन बताते भी हैं, 'छह हजार साल से मैं इसकी रक्षा कर रहा हूं।' ट्रेलर में दीपिका पादुकोण भी नजर आती हैं। एक गर्भवती महिला के रूप में। अश्वत्थामा और दीपिका के किरदार का वार्तालाप संकेत करता है धरती पर प्रत्याशित एक अवतार का। कमल हासन भी कान में मंत्र सा फूंकते नजर आते हैं, 'एक नया युग आने वाला है!' ट्रेलर में बुज्जी भी है। फिल्म के हीरो प्रभास के इशारों पर नाचती हुई। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में प्रभास ने भैरव का किरदार किया है। समय कुछ उस दौर का है जब अपराधियों के सिरों पर रखे जाने वाले इनाम का सार्वजनिक प्रसारण शुरू हो चुका है (कुछ कुछ जॉन विक सीरीज की फिल्मों की तरह)। मुद्रा रुपये की बजाय यूनिट्स हो चुकी है। बुज्जी, प्रभास, दीपिका, अमिताभ बच्चन और कमल हासन के अलावा फिल्म 'कल्कि 2898' के ट्रेलर में जो देखने लायक है वह है कुछ कुछ हॉलीवुड फिल्म 'अवतार' से प्रेरित भैरव के आसपास की दुनिया।

# सुशांत वाले फ्लैट में शिफ्ट हुई एक्ट्रेस

## अदा बोलीं- लोग अब मुझे जान चुके हैं



अदा शर्मा हाल ही में नए फ्लैट में शिफ्ट हुई हैं। यह वही फ्लैट है, जिसमें दिवगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत रहा करते थे। अभिनेता का निधन इसी फ्लैट में हुआ था। अदा जब से इस घर में आई हैं, तब से उनके फैसले पर चर्चा हो रही है। अब अभिनेत्री ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत जिस अपार्टमेंट में रहा करते थे, उनके निधन के बाद उसे लंबे समय तक कोई किराएदार नहीं मिलने की खबरें मीडिया में खूब छाई रहीं। फिर अचानक खबर आई कि अदा शर्मा उस फ्लैट में शिफ्ट हो रही हैं। अब अभिनेत्री उसमें शिफ्ट भी हो चुकी हैं और उन्होंने कहा है कि उन्हें यहां काफी सकारात्मक ऊर्जा महसूस हो रही है। अभिनेत्री के इस फ्लैट में शिफ्ट होने के फैसले पर लोगों ने काफी बातें कीं और हैरानी तक जताई। अब इस बारे में अदा ने बात की हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में, अभिनेत्री ने खुद इस बात को स्वीकार किया कि वह उसी घर में शिफ्ट हो चुकी हैं। उन्होंने सुशांत के घर को किराए पर लिया है। इस खुलासे ने लोगो को हैरत में डाल दिया। वह जानना चाहते हैं कि आखिर अभिनेत्री उस घर में क्यों शिफ्ट हुईं, जहां सुशांत रहा करते थे? अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी सतर्क रहने वाली अभिनेत्री अदा शर्मा ने एक साक्षात्कार में अपने नए घर को लेकर बात की। जब अभिनेत्री से पूछा गया कि क्या वह इसे अपनी निजता का हनन मानती हैं, तो अभिनेत्री ने कहा कि अब तक उनके दर्शक, मीडिया और फिल्म उद्योग उनकी निजता संबंधी प्राथमिकता को पहचान चुके हैं।

### 4 सालों से खाली था सुशांत का घर

साल 2020 में दिवंगत अभिनेता सुशांत राजपूत की मौत के बाद से उनका अपार्टमेंट खाली है। पिछले 4 सालों से वह प्रॉपर्टी खाली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई के एक रियल एस्टेट ब्रोकर के अनुसार सुशांत के साथ हुई दुर्घटना के बाद कोई भी उस घर को खरीदना नहीं चाहता था। अभिनेत्री से जब पूछा गया कि उन्होंने सुशांत के घर में रहने का फैसला क्यों किया तो उन्होंने जवाब में कहा, 'फिल्म हो या किसी घर में रहना मैं हर फैसला दिल से लेती हूं। मुझे अपने फैसले पर किसी तरह का कोई संदेह नहीं है। मैं भले ही भौतिक रूप से नई जगह शिफ्ट हुई हूं, लेकिन मैं हमेशा करोड़ों लोगों के दिल में बसी हूं।'

# निजी अस्पताल के सुपरवाइजर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## बाथरूम में मिली नग्न अवस्था में लाश, पीएम रिपोर्ट का इंतजार




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित हिनोतिया आलम में देर रात निजी अस्पताल के सुपरवाइजर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश घर के बाथरूम में नग्न अवस्था में मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। घटनास्थल का निरीक्षण करने से अनुमान है कि उसे अटैक आया है। हालांकि पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार 28 साल का दीपक सेन गांव हिनोतिया आलम में रहता था और निजी अस्पताल में सुपरवाइजर की नौकरी करता था। उसके परिवार में माता पिता और दो बहनें हैं। दीपक के पिता हेयर सलून का संचालन करते हैं और अनाज की खरीद फरोख्त का भी व्यवसाय करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार रात करीब एक बजे उनकी नींद खुली तो घर का दरवाजा बाहर से बंद था। उन्होंने किसी तरह दरवाजा खुलवाया और बाहर बनी बाथरूम में पहुंचे तो दीपक की नग्न अवस्था में अचैत पड़ा मिला। वे उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है।

### कमरे में मिले कपड़े

पिता ने बताया कि गांव में उनका घर है और बाथरूम बाहर की बना हुआ है। उसमें केवल पर्दा लगा हुआ है। दीपक ने कमरे में ही शौच कर दिया था और इसके बाद नग्न अवस्था में बाहर से गेट बंद किया और बाथरूम में जाकर गिर गया। पुलिस का अनुमान है कि उसे घबराहट होने के बाद अटैक आया है।

## पति की मौत के छह महीने बाद पत्नी ने लगाई फांसी



छोला मंदिर थाना क्षेत्र की नवजीवन कॉलोनी में सोमवार सुबह एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब छह माह पूर्व हुई पति की मौत के बाद से वह डिप्रेशन में थीं। मामले का खुलासा सुबह उस समय हुआ जब कोचिंग गई बहन को लेकर भाई घर लौटा। बंद कमरे में मां फंदे पर लटकी मिलीं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नवजीवन कॉलोनी छोला निवासी सीमा लिटोरिया पत्नी दीनानाथ (45) विधवा थीं। करीब छह माह पूर्व उनके पति का देहांत हो गया था। सोमवार सुबह उनकी बेटी कोचिंग पढ़ने गई थी। करीब नौ बजे उनका बेटा अनिकेत बहन को कोचिंग से लेने गया था। जब वे लौटे तो घर का दरवाजा भीतर से बंद मिला। काफी देर तक घंटी बजाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर जाकर देखा तो सीमा फंदे पर लटकी मिलीं। पड़ोसियों की मदद से`मां को फंदे से उतारकर बच्चे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। फिलहाल पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## खड़े ट्रक का ट्राला खुला, खेल रहे मासूम की मौत




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथ कॉलोनी के पास हारुण कंट्रोल की दुकान के पास खड़े ट्रक का टाला खुलने से आठ साल के मासूम की मौत हो गई। हादसा गत 8 जून को हुआ था। गंभीर रूप से घायल होने के बाद परिजन मासूम को अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां सोमवार शाम मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। एएसआई अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अली खान पिता उबेस खान (8) गली नंबर-1, मकान नंबर - 5, जनता क्वार्टर ऐशबाग में रहताड़था और कक्षा तीसरी में पड़ताड़था। अली गत 8 जून को अपने घर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर हारुन कंट्रोल की दुकान के पास खड़े ट्रक के पास खेल रहाड़था। इसी दौरान खेल खेल में ट्रक का डाला खुल गया। लोहे का ट्राला खुलने से अली को सिर और शरीर में गंभीर चोट आईड़थी। चीख पुकार सुनकर लोग पहुंचे और अली के परिजन को घटना की जानकारी दी। अली के परिजन मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में इलाज के दौरान कल सोमवार शाम अली के इलाज के दौरान मौत हो गई।

## कार्रवाई: गांजा तस्करों से ढाई किलो गांजा बरामद



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से ढाई किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत पचास हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली थी दो गांजा तस्कर गांजा लेकर गांजे की खेप लेकर आ रहे है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने मुखबिर के बताए अनुसार बसई ग्रांउड की घेराबंदी की। इस दौरान ग्राउंड पर दो युवक बिना नंबर की बाइक लिए खड़े नजर आए। पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। उनकी तलाशी लेने पर ढाई किलो गांजा मिला। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान बृजेंद्र सिंह राजपूत निवासी विदिशा और वीरभान प्रजापति निवासी बैरसिया के रूप में की गई है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई करते हुए गांजे के बारे में पूछताछ कर रही है।

## स्कूटर पर मोबाइल से बात करने पर रोका तो ट्रैफिक जवान को मारा डंडा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित गणेश मंदिर के पास चेकिंग पॉइंट पर स्कूटर सवार युवक ने ट्रैफिक के कांस्टेबल से गाली गलौज करते हुए डंडे से हमला कर दिया। दरअसल, युवक चलती स्कूटर पर मोबाइल से बात कर रहा था और उसकी स्कूटर पर नंबर भी ठीक से नहीं लिखा था। पुलिस ने आरक्षक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने मारपीट गाली गलौज समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आशीष रघुवंशी ट्रैफिक पुलिस में आरक्षक है। सोमवार दोपहर करीब 12:00 बजे के आसपास वह अपने स्टाफ के साथ गणेश मंदिर के पास चेकिंग पॉइंट पर वाहनों की सेटिंग कर रहा था। इसी दौरान एक स्कूटर सवार युवक मोबाइल पर बात करते हुए स्कूटर चलता हुआ नजर आया। उसकी स्कूटर पर नंबर भी ठीक से नहीं लिखा था। आरक्षक आशीष ने उसकी स्कूटर रोकी तो वह भड़क गया और गाली गलौज करने लगा। इतना ही नहीं आरोपी ने पास पड़े डंडे से आरक्षक आशीष पर हमला भी कर दिया। डंडे का हमला हाथ से रोकने के कारण आशीष को हाथ में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आशीष की शिकायत पर स्कूटर सवार कार्तिक सिंह पिता अर्जुन सिंह (24) निवासी कृष्ण टावर पार्क सिटी निवासी कटरा हिल्स को गिरफ्तार कर लिया है।

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर इंजीनियरिंग छात्रा से दुष्कर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में इंजीनियरिंग छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पड़ोस में रहने वाला शादीशुदा आरोपी करीब एक साल से छात्रा का दैहिक शोषण कर रहा था। पिछले दिनों छात्रा ने विरोध करते हुए संबंध बनाने से इनकार किया तो आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने बलात्कार व छेड़छाड़ की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार अयोध्या नगर क्षेत्र में रहने वाली 21 साल की युवती इंजीनियरिंग की पड़ाई कर रही है। पड़ोस में शादीशुदा युवक रहता है। करीब सात साल पहले उसकी शादी हुई है। युवती और आरोपी दोनों बचपन से एक-दूसरे के परिचित हैं। बीते साल मई माह में आरोपी ने बहला-फुसलाकर व प्रलोभन देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए। उसी दौरान आरोपी ने अंतरंग संबंधों का वीडियो भी बना लिया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी पीड़िता से दुष्कर्म करने लगा। पिछले दिनों पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने अश्लील हरकतें की। आरोपी ने धमकी दी कि यदि उसके साथ संबंध नहीं बनाए तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। बार-बार दबाव बनाने पर पीड़िता ने परिजनों को सारी बात बता दी। बताया जा रहा है कि आरोपी अपनी पत्नी के साथ रहता है।

## ट्रांसफार्मर से ऑइल और केबल चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव निपानिया जाट में अज्ञात बदमाश ट्रांसफार्मर से आयल और केबल चुराकर ले गए। चोरी गए ऑयल और केबल की कीमत तीस हजार रुपए बताई जा रही है। घटना 16 मई की रात की बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर चोरी और विद्युत अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शिशिर शर्मा बिजली विभाग में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 16 मई की रात किसी ने निपानिया जाट गांव में ट्रांसफार्मर से आयल और केबल चुरा लिया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी उन्हें दी थी। विभाग द्वारा अपने स्तर पर पता किया, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## रंजिश में युवक की बाइक में लगाई आग




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित खेजड़ा बरामद में पुरानी रंजिश में तीन युवकों ने एक युवक की मोटर साइकिल में आग लगा दी। घटना गत दो जून की शाम की बताई जा रही है। पुलिस ने एक सप्ताह बाद तीन आरोपियों के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शेरसिंह ठाकुर बैरसिया में रहते है। इसी गांव में रहने वाले सुरेश नीलेश और रामवीर से उनकी पुरानी रंजिश है। रंजिश के चलते आरोपियों ने गत 2 जून की शाम खेजड़ा परिहार चौराहा पर शेर सिंह ठाकुर की मोटर साइकिल में आग लगा दी। घटना की शिकायत शेर सिंह पुलिस थाने पहुंचकर की थी। जांच के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज कर लिया है।

## भूत बंगला के पास अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित भूत बंगला के पास सोमवार रात करीब आठ बजे सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बुजुर्ग को एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार 58 साल के मथुरा प्रसाद, सिंगार चोली कोहेफिजा में रहते थे। सोमवार शाम वह घर के लिए सामान खरीदने का कहकर निकले थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। परिजन को मोबाइल पर जानकारी मिली कि उनका एक्सीडेंट हो गया है और वह हमीदिया अस्पताल में भर्ती है। परिजन हमीदिया अस्पताल पहुंचे तो उनकी मौत हो चुकी थी। परिजन और पुलिस ने हादसे के बारे



में जानकारी जुटाई तो पता चला कि भूत बंगला के पास वह सड़क पार कर रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने ब्रेकर के पास उन्हें टक्कर मार दी थी। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

**मेट्रो एंकर** उच्च शिक्षा विभाग की भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति की बैठक मंत्रालय में हुई

## कॉलेजों-विवि के पुस्तकालयों में हों भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़े साहित्य: उच्च शिक्षा मंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में पुस्तकालयों को भारतीय ज्ञान परम्परा की पुस्तकों से समृद्ध किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप एवं भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़े साहित्य को प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में उपलब्ध किया जाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने दिए है।

उच्च शिक्षा विभाग की भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति की बैठक मंत्रालय में हुई। इस दौरान भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध संदर्भों में आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री परमार ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में भारतीय ज्ञान परम्परा का समावेश के लिए विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यशालाओं का आयोजन कर विषयविदों की सारगर्भित निष्कर्षगामी सार्थक सहभागिता सुनिश्चित की जाए। बैठक में आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत वरबड़े, भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति के उपाध्यक्ष अतुल कोठारी, हिन्दी ग्रंथ अकादमी के निदेशक तथा समिति सदस्य अशोक कडेल एवं महर्षि बाल्मीकि संस्कृत विवि कैथल (हरियाणा) के कुलपति रमेशचंद्र भारद्वाज सहित समिति के सदस्य विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरु उपस्थित रहे।



**ऑनलाइन प्रश्नमंच जैसी प्रतियोगिता आयोजित की जाएं:** मंत्री परमार ने आगामी कार्यशालाओं में शीर्ष समिति के सदस्यों को जुड़कर सार्थक सहभागिता करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि कार्यशालाओं में विषयविद पूर्णरूपेण उपस्थित रहें ताकि पुस्तक लेखन के लिए समयपूर्वक साहित्य सामग्री संकलन हो सके। प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित ऑनलाइन प्रश्नमंच जैसी प्रतियोगिता आयोजित की जाएं।

**भारतीय समाज का चिंतन एवं दृष्टिकोण तकनीक आधारित रहा:** मंत्री परमार ने कहा कि भारतीय समाज में स्थापित मान्यता एवं परंपरा वैज्ञानिक दृष्टिकोण केंद्रित एवं जीवनोपयोगी है। भारतीय समाज का चिंतन एवं दृष्टिकोण तकनीक आधारित रहा है। हमारी परम्पराओं एवं मान्यताओं में संरक्षण का भाव है, जिन्हें युगानुकुल पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है।

**27 विश्वविद्यालयों में 20 जून से 31 जुलाई तक कार्यशालाएं:** प्रदेश के 27 विश्वविद्यालयों में 20 जून से 31 जुलाई तक भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध संदर्भों में कार्यशालाओं का आयोजन होगा। प्रदेश के 10 संभागों के महाविद्यालयों और राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा में अगस्त एवं सितंबर माह में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

आरजीपीवी के स्कूल ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में ग्रेजुएशन सेरेमनी

## छात्रों में असीमित और अपार संभावनाएं,जरुरत है उनका सदुपयोग किया जाए: प्रो.गुप्ता



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आरजीपीवी के स्कूल ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के शैक्षणिक विभाग मे बी.टेक कंप्यूटर साइंस और बिजनेस सिस्टम के 65 स्नातक छात्रों का प्रथम ग्रेजुएशन सेरेमनी विश्वविद्यालय के सभागार में परीक्षा विभाग यूटीडी आरजीपीवी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.रूपम गुप्ता, कुलसचिव प्रो.मोहन सेन, प्रो. अर्चना तिवारी, प्रो.संजीव शर्मा एवं विभाग के निदेशक डॉ. जितेन्द्र अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए प्रो. रूपम गुप्ता ने कहा कि छात्रों द्वारा दी जाने वाली वास्तविक गुरु दक्षिणा उनका समाज एवं देश के प्रति योगदान है छात्रों में असीमित और अपारसंभावनाए होती है आवश्यकता है उनका सदुपयोग किया जाये।कुलसचिव प्रो. मोहन सेन ने छात्रों को भारत की संस्कृति से जु? रहने एवं समाज की भलाई एवं देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्नातक विद्यार्थियों को उनके शैक्षिणक रिकॉर्ड एवं अन्य पाठ्यसहगामी गतिविधियों में उनके शामिल होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022